कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 354, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 20 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### आजादी के अमृतकाल में हमें विकसित भारत का निर्माण करना है: पीएम

## विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता: मोदी

**यादगिर/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें विकसित भारत का निर्माण करना है। यह तभी हो सकता है जब हर व्यक्ति, परिवार और राज्य इस अभियान से जुड़ें। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जो राजनीतिक दल सरकार में थे उन्होंने सड़क, बिजली और पानी के बुनियादी ढांचे के लिए काम करने के बजाय वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा दिया। मोदी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता विकास है न कि वोट बैंक की राजनीति। प्रधानमंत्री गुरुवार को कर्नाटक के यादगिर जिले के कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास से जुड़ी विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं में जल जीवन मिशन के तहत यादगिर बहु-ग्राम पेयजल आपूर्ति योजना और सूरत-चेन्नई एक्सप्रेसवे एनएच-150सी के 65.5 किमी लंबे खंड (बदादल से मरदगी एस अंडोला तक) की आधारशिला रखना और नारायणपुर लेफ्ट बैंक कैनाल का विस्तारीकरण, पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण परियोजना (एनएलबीसी -ईआरएम) शामिल है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यादगीर के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डालते हुए रत्तीहल्ली के प्राचीन किले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हमारे पूर्वजों की क्षमताओं का प्रतीक है और हमारी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने महान राजा महाराजा वेंकटप्पा नायक की विरासत का भी उल्लेख किया जिनके स्वराज और सुशासन के विचार पूरे देश में प्रसिद्ध थे। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सभी को इस विरासत पर गर्व है। सड़कों और पानी से जुड़ी जिन परियोजनाओं का आज शिलान्यास किया गया उनका जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के लोगों को व्यापक लाभ मिलेगा। सूरत चेन्नई कॉरिडोर के कर्नाटक हिस्से में भी आज काम शुरू हुआ, जिससे यादगिर, रायचूर और कलबुर्गी सहित क्षेत्र में जीवन यापन में आसानी होगी और रोजगार और आर्थिक गतिविधियों में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने उत्तरी कर्नाटक में विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार की सराहना की।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि आने वाले 25 साल देश और प्रत्येक राज्य के लिए अमृत काल हैं। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में हमें विकसित भारत बनाना है। यह तभी हो सकता है।



### पीएम ने 50 हजार लाभार्थियों को 'हक्कू पत्र' प्रदान किए

**कलबुर्गी/नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में नव घोषित राजस्व गांवों के लगभग 50 हजार लाभार्थियों को 'हक्कू पत्र' (मालिकाना अधिकार पत्र) वितरित किया। प्रधानमंत्री ने बंजारा (लंबानी घुमंतू) समुदाय के लिए इसे बड़ा दिन बताते हुए कहा कि हक्कू पत्र के माध्यम से उन्हें अपनी छत मिलेगी। कर्नाटक के मलखेड में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने उत्तरी कर्नाटक के कलबुरगी, यादगिर, रायचूर, बीदर और विजयपुरा के पांच जिलों के बंजारा समुदाय के नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि आज कर्नाटक के लाखों बंजारा साथियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। अभी 50 हजार से अधिक परिवारों को पहली बार उनके घर, रिहाइश का हक हक्कू पत्र मिला है। उन्होंने कहा कि जनवरी हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा संविधान 1950 में इसी महीने में लागू हुआ था। ऐसे पावन महीने में कर्नाटक सरकार ने आज 50 हजार परिवारों को हक्कू पत्र प्रदान करने का जो निर्णय किया है वह सामाजिक न्याय के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'टांडा' बस्तियों में रहने वाले ऐसे परिवारों के बेटे और बेटियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेगा।

### सुशासन और विकास पर जोर: मोदी



प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर देश का एक भी जिला विकास के पैमानों पर पिछड़ जाए तो भी देश विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार थी जिसने प्राथमिकता के आधार पर सबसे पिछड़े क्षेत्रों को संबोधित किया और यादगिर सहित सौ आकांक्षी गांवों के अभियान की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने इन क्षेत्रों में सुशासन और विकास पर जोर दिया और बताया कि यादगिर ने 100 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण किया है, कुपोषित बच्चों की संख्या में काफी कमी आई है, जिले के सभी गांव सड़कों और सामान्य सेवा केंद्रों की उपलब्धता से जुड़े हुए हैं ग्राम पंचायत में डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य या कनेक्टिविटी हो, यादगीर आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम के शीर्ष 10 कलाकारों में से एक रहा है। प्रधानमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के भारत के विकास के लिए जल सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि 2014 में लंबित पड़ी 99 सिंचाई योजनाओं में से 50 पूरी हो चुकी हैं और योजनाओं का विस्तार किया जा चुका है।

## जी-20 मैराथन को सीएम योगी दिखाएंगे हरी झंडी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा और ग्रेटर नोएडा में जी-20 की 11 बैठकों का आयोजन विभिन्न विषयों पर किया जाएगा। आम जनता को जोड़ने के लिए 21 जनवरी को चारों शहरों में मैराथन का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। राज्य के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को लोक भवन में पत्रकारों को बताया कि सरकार चाहती है कि जी-20 के आयोजनों में सबकी भागीदारी हो। इन बैठकों में देश-विदेश के मेहमान आने वाले हैं। हाथ जोड़कर किसी का अभिवादन करना ही स्वागत नहीं है। हम अपने आस-पास, अपनी गलियों, सड़कों और नगरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाकर भी मेहमानों का स्वागत कर सकते हैं। सबकी भागीदारी हो, इसके लिए खेल, योग, परिचर्चा, भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सांस्कृति कार्यक्रम भी होंगे।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन को प्रदेश की आम जनता से जोड़ने के लिए 21 जनवरी को चारों शहरों में एक साथ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी जी-20 मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही आने वाले दिनों में खेल विभाग विभिन्न प्रकार की खेल और योग प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम से स्कूल से लेकर कॉलेज, विश्व विद्यालय स्तर तक के छात्रों, अध्यापकों एवं अन्य को जोड़ने के लिए जी-20 के विभिन्न विषयों पर विभिन्न प्रकार के डिबेट आदि भी आयोजित किए जाएंगे।

### गुजरात दंगों पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को भारत ने बताया प्रोपेगेंडा

**नई दिल्ली: विदेश** मंत्रालय ने ब्रिटेन की टेलीविजन मीडिया बीबीसी की ओर से बनाई गई गुजरात दंगों संबंधी डॉक्यूमेंट्री फिल्म पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इसके पीछे कोई मंशा और एजेंडा है तथा यह औपनिवेशिक मानसिकता का परिचायक है। बीबीसी डोक्युमेंट्री में गुजरात दंगों के संबंध में गुजरात के तात्कालिक मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दोषारोपण किया गया है। इसमें ब्रिटेन के तत्कालीन विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ का भी बयान शामिल किया गया है।

## खेल मंत्रालय की बातचीत से खिलाड़ी संतुष्ट नहीं



**नई दिल्ली:** दिल्ली के जंतर-मंतर पर खिलाड़ियों ने दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रखा। कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात मंच पर पहुंची तो उन्हें खिलाड़ियों ने नीचे उतरने को कह दिया। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जारी देश की महिला पहलवानों के मोर्चे के बाद गुरुवार को मंत्रालय ने पीड़ित खिलाड़ियों को बातचीत के लिए बुलाया और उनसे करीब एक घंटे तक बातचीत की। बातचीत से पहलवान संतुष्ट नहीं हैं। उनकी मांग पहले अध्यक्ष को हटाने की थी, अब वे कुश्ती संघ को भंग कराना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि मांग पूरी होने तक उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह और कुछ कोच पर ओलिंपिक विजेता खिलाड़ियों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। दिल्ली के जंतर-मंतर पर 200 से ज्यादा खिलाड़ी बुधवार यानी 18 जनवरी से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। आरोपों के बाद खेल मंत्रालय भी मामले को लेकर तुरंत एक्टिव हो गया। बुधवार देर रात उसने कुश्ती संघ को नोटिस भेजा और 72 घंटे में जवाब देने को कहा। ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दे डाली। खेल मंत्रालय से मीटिंग खत्म होने के बाद पहलवानों ने मीडिया से बातचीत की। विनेश फोगाट ने कहा कि हमारा एक-एक दिन कीमती है। बैठक में हमें संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। हमारे जो आरोप हैं, वो सच्चे हैं। हमें मजबूर न किया जाए सबसे सामने आने के लिए। हम अपने सम्मान के लिए लड़ रहे हैं।

### 'पुरानी पेंशन के मामले में सरकार गम्भीर'

**झांसी।** पुरानी पेंशन के मामले में भाजपा सरकार गम्भीर है। मैं समय तो नहीं बता सकता, लेकिन जल्द इस समस्या का समाधान सभी के सामने होगा। न केवल शिक्षक बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। यह कहना है भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री,पूर्व प्रवक्ता व एमएलसी शिक्षक चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी बनाए गए संजय राय का। वह हिन्दुस्थान समाचार से पहली बार भाजपा की ओर से शिक्षक एमएलसी चुनाव में उतारे गए प्रत्याशी को जिताने की रणनीति पर वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी योजना रचना के साथ चुनाव मैदान में है और दोनों शिक्षक एमएलसी व तीनों शिक्षक स्नातक सीटों पर चुनाव हम ही जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहे एमएलसी का चुनाव हो, लोकसभा का चुनाव, विधानसभा का चुनाव हो,या फिर नगर निगम का ही चुनाव क्यों न हो, ठीक से लड़ती है। अभी चुनाव होने जा रहा है शिक्षक एमएलसी के लिए 2 सीटों पर जो प्रयागराज झांसी और दूसरा कानपुर उन्नाव इन दोनों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतेगी। इसके साथ ही स्नातक के भी 3 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं ।

### गहलोत ने इशारों में पायलट की कोरोना से तुलना की

## थम नहीं रहा गहलोत- पायलट में 'कोल्ड वार'

**जयपुर:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कोल्ड वॉर एक बार फिर से शुरू होती दिख रही है। कर्मचारी संगठनों के साथ सीएम गहलोत की बजट पूर्व हुई बातचीत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बिना पायलट का नाम लिए उन्होंने सियासी संकट और पायलट की तुलना कोरोना से कर दी। बातचीत के दौरान संविदा कर्मचारियों के नेता शमशेर भालू खान ने सीएम के नहीं मिलने की बात कही तो गहलोत ने बात काटते हुए कहा- आप ठीक कह रहे हो, मैं मिलने लगा हूं, पिछले सोमवार को मिला था। क्या हुआ कि पहले कोरोना आ गया। फिर एक बड़ा कोरोना और आ गया हमारी पार्टी के अंदर। कभी उपचुनाव, कभी राज्यसभा चुनाव। राज्यसभा चुनाव में भी वोट कहीं पड़ रहा है हम कहीं हैं। बहुत खराब टाइम था। जो टाइम बीता है न, वह अलग तरह से बीता है। इसके बावजूद भी आपके सहयोग, आशीर्वाद, समर्थन और दुआओं से हम शानदार स्कीम लेकर आए हैं, उस कारण से सब बातें ढक गई हैं। अगर हमारे बजट अच्छे नहीं होते तो आप और हम जिस माहौल में बात कर रहे हैं, वह नहीं कर पाते।



**चार साल में की बर्बादी हई, दिन खराब हुए:** गहलोत ने कर्मचारी नेताओं से कहा- चार साल में जो बर्बादी हुई है हमारी खुद की, जिस प्रकार से दिन खराब हुए हैं। मिलना नहीं, जुलना नहीं। कभी कोरोना से टाइम नहीं मिला। फिर मुझे तीन बार कोरोना हो गया। पोस्ट कोविड से फिर हार्ट का स्टेंट लग गया।

## 'राम सेतु' राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित होगा !

**नई दिल्ली:** रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर स्थायी संरक्षण देने की मांग पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि संस्कृति मंत्रालय इस पर विचार कर रहा है। तब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी को कहा कि वह सरकार को ज्ञापन सौंप सकते हैं। अगर सरकार के फैसले से वह संतुष्ट नहीं होते तो फिर सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 10 नवंबर 2022 को केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया था। 13 अक्टूबर 2022 को कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा था।



सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता डॉ. स्वामी का कहना था कि पिछले आठ साल से सुप्रीम कोर्ट में ये मामला लंबित है, लेकिन केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल नहीं किया है। कोर्ट ने डॉ. स्वामी को भी लिखित दलीलें जमा कराने की इजाजत दी थी। डॉ. स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि सरकार ने यह तय कर लिया है कि रामसेतु को नहीं तोड़ा जाएगा। फिर स्थायी संरक्षण देने में क्या दिक्कत है।

## हिन्दू-मुसलमानों के बीच खाई पैदा करने वालों को सफलता नहीं मिलेगी : इंद्रेश

**वाराणसी।** आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 126 वें जन्मदिवस पर गुरूवार को 06 दिवसीय सुभाष महोत्सव का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने किया। विशाल भारत संस्थान की ओर से सुभाष भवन, इन्द्रेश नगर, लमही में आयोजित महोत्सव में उन्होंने कहा कि हिन्दूझमुस्लिम संवाद केन्द्र के जरिये प्रतिमाह संघर्ष के विषयों को बातचीत के जरिये हल करने का सूत्र खोजा जायेगा। इन्द्रेश कुमार ने कहा कि लगातार बातचीत होने से हिन्दू और मुसलमानों के बीच खाई पैदा करने वालों को सफलता नहीं मिलेगी। नफरती बयान देने वालों को नकारने की प्रवृत्ति बढ़ेगी और आपसी भाईचारा बढ़ेगा। महोत्सव में हिन्दूझमुस्लिम संवाद केन्द्र का उद्घाटन कर इंद्रेश कुमार ने कहा कि काशी से हिन्दू मुस्लिम संवाद के जरिये संघर्ष और नफरत के बजाय हिन्दू मुसलमानों के बीच बातचीत का रास्ता खुलेगा। बहुत सारे मसले का हल निकलेगा। उन्होंने कहा कि प्राणायाम से किसी का मजहब खतरे में नहीं आता। दिल को सुकून मिलता है। हम पूर्वजों से एक हैं, वतन से एक हैं तभी तो हमारा डीएनए मिलता है। डी का मतलब ड्रीम से है, कोई भी भारतीय अपने ही मातृभाषा में सपने देखता है। वह दूसरे भाषा में सपने नहीं देख सकता। एन से मतलब नेशन है। सब वतन से एक हैं और ए से मतलब एन्सेस्टर अर्थात पूर्वज। हम सभी पूर्वजों से एक हैं तो फिर हमें अलग करने वाले कौन है ? महोत्सव में प्रथम दिन आओ जड़ों से जुड़ें अभियान के तहत जलसा-ए-उलमाए इस्लाम में जुटे मुस्लिम धर्मगुरूओं ने भी भागीदारी की। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर धर्मगुरूओं ने फूल चढ़ाए,इन्द्रेश कुमार के साथ दीपोज्वलन भी किया।




### पीआईबी हटवा सकेगा फेक न्यूज

**नई दिल्ली:** आईटी नियमों में नए संशोधन प्रस्ताव को लेकर एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने चिंता जाहिर की है। आईटी मिनिस्ट्री ने बुधवार को एक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है। इससे प्रेस इन्फर्मेशन ब्यूरो को फेक न्यूज के फैक्ट चेक और सोशल मीडिया को इन्हें हटाने का आदेश देने की अधिकार मिल जाएगा। एडिटर्स गिल्ड का कहना है कि फेक न्यूज को हटाने जैसा फैसला अकेले सरकार के हाथों में नहीं होना चाहिए। इससे प्रेस की स्वतंत्रता पर असर पड़ेगा और सही आलोचना भी दब जाएगी। उधर, कांग्रेस ने आईटी नियमों के मसौदे में नए संशोधन को 'बोलने की आजादी पर गुप्त हमला' बताया है।

### सरकारी स्कूलों में एडमिशन भी बढ़े, बिहार-बंगाल में सबसे ज्यादा निजी ट्यूशन ले रहे बच्चे

## गांवों में रिकॉर्ड 98% से ज्यादा बच्चे स्कूल जा रहे

**नई दिल्ली:** देश के ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की नई तस्वीर सामने आई है। गांवों में अब 98.4% बच्चे स्कूल जा रहे हैं। पहली बार यह आंकड़ा 98% से ऊपर है, 2018 में यह आंकड़ा 97.2% रहा था। उधर, 2022 में सरकारी और निजी स्कूलों में 5वीं कक्षा के 42.8% स्टूडेंट्स ही कक्षा-2 की किताबें पढ़ने में समर्थ रहे, 2018 में यह आंकड़ा 50.5% था। यही नहीं साल 2012 में ऐसे बच्चे 46.9% थे। रिपोर्ट में पता चला है कि निजी स्कूलों में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स की संख्या घटी हैं। वहीं, सरकारी स्कूल में बच्चों का दाखिला बढ़ा है। 4 साल पहले यानी साल 2018 में 30.9% बच्चे निजी स्कूलों में थे, लेकिन 2022 में 25% पर सिमट गए। सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने वाले 6-14 साल के बच्चे 72.9% हो गए, जो 2018 में 66% ही थे।



**7-10 साल के 99% बच्चों ने लिया स्कूलों में एडमिशन:** देश के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति भी सुधरी है। 2022 में टीचर्स की उपस्थिति 87% दर्ज की गई। साल 2018 में यह आंकड़ा 85.4% थी। वहीं, स्टूडेंट्स की उपस्थिति 72% बनी हुई है।

7 से 10 साल तक के सबसे ज्यादा 99% बच्चों ने स्कूलों में एडमिशन लिया। वहीं, 11 से 14 साल की उम्र के 98% बच्चे स्कूलों में दाखिला लेकर दूसरे नंबर पर रहे। 2022 में 69% स्कूलों में प्लेग्राउंड बन गया। जबकि 2018 में 66.5% स्कूलों में ही प्लेग्राउंड था। सर्वे में पता चला है कि 50% बच्चों की माएं और 80% बच्चों के पिता ने 5वीं कक्षा से ज्यादा तक पढ़ाई की है।

## 'फीस न दे पाने पर बोर्ड परीक्षा देने से रोकना बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन'

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि फीस नहीं भर पाने के कारण एक छात्र को बोर्ड परीक्षा देने से रोकना भारत के संविधान की धारा का 21 के तहत गारंटीकृत बच्चे के अधिकारों का उल्लंघन होगा। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा ने ये आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को फीस नहीं भर पाने की वजह से बोर्ड की परीक्षा में बैठने से रोका नहीं जा सकता है, खासकर तब जब वे दसवीं और बारहवीं की परीक्षा देने वाले हों। शिक्षा वो बुनियाद है, जिस पर छात्र का भविष्य निर्भर करता है और आखिरकार ये समाज का भविष्य तय करते हैं। कोर्ट ने दिल्ली के इंडियन स्कूल के दसवीं कक्षा के एक छात्र को बोर्ड की परीक्षा में शामिल करने का आदेश दिया।



## खबर संक्षेप

### सुरेश कुमार त्रिपाठी को पुनः विजय श्री दिलाने के लिए किया जनसंपर्क

**धनूपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक त्रिपाठी एवं जिला मंत्री जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में राम सजीवन यादव, गुड्डू सिंह, सुयोग पांडेय सहित शिक्षकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर संगठन के प्रत्याशी सुरेश कुमार त्रिपाठी के नाम के सम्मुख 1 लिखकर प्रथम वरीयता मत से विजयी बनाने की अपील किया। टीम ने बाला प्रसाद कुशवाहा इंटर कॉलेज बलरामपुर, केशव शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सैदाबाद, माधव इंटर कॉलेज बमैला, महर्षि इंटर कॉलेज हंडिया, बब्बू राम इंटर कॉलेज कीचकिला, नेशनल इंटर कॉलेज, सेठ गंगा राम जायसवाल इंटर कॉलेज, महा नारायण शुक्ला इंटर कॉलेज सहित अनेक विद्यालयों में जनसंपर्क किया एवं सुयोग्य उम्मीदवार तथा शिक्षकों की लड़ाई लड़ने वाले स्नातक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी को पुनः विजय श्री दिलाने का सहयोग मांगा।

# जसरा में युवक की हत्या कर शव को सुनसान जगह में फेंका

अखंड भारत संदेश





घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़ तथा इन्सेट में मृत युवक की फाइल फोटो तथा घटना स्थल पर पुलिस तफ्तीश करती।

**जसरा।** क्षेत्र के श्री कैलाश धाम मंदिर सामने झाड़ियों के बीच एक युवक की हत्या कर फेंक दिया गया। युवक के परिजन उसे खोजते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर अपने पुत्र की पहचान कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जसरा के भीटा गांव निवासी शैलेश मिश्रा का पुत्र श्वेताश मिश्रा उर्फ अमन 22 उच्च न्यायालय में संविदा कर्मी के रूप में कार्य करता था। तथा शहर के सिविल लाइन से उसकी मोटर साइकिल चोरी होने के बाद 10 दिनों से वह हाई कोर्ट नहीं जा रहा था। तथा घर पर ही रहता था।बुधवार की शाम को घर से निकला था। तथा जब वह रात में घर नहीं पहुंचा तब उसका पिता शैलेश अपने पुत्र को खोजते हुए मंदिर के पास पहुंचा । लोगों की सूचना पर जब वह घटनास्थल पर पहुंचा तो झाड़ियों में पड़े शव की पहचान कर ली। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। मौके पर घूरपुर थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने पहुंचकर शव का मौका मुआयना किया। उसके बाद एसीपी योगेंद्र कुमार व डीएसपी दीपक भूकर भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बारे में मृतक युवक के पिता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि देर शाम वह गांव के एक युवक के साथ घर से निकला था लेकिन रात में नहीं लौटा। सुबह खोजबीन के दौरान उसका शव झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला युवक का गला किसी धारदार हथियार से काट दिया गया था। घटनास्थल पर खून के कोई निशान नहीं पाए गए जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी ने युवक को की हत्या करके शव झाड़ियों में लाकर फेंक दिया। युवक के पेंट की तलाशी लेने के बाद पुलिस को जेब से स्मैक की पुड़िया व गांजा मिला। मृतक का मोबाइल गायब था। जबकि उसका जूता मोजा भी पैर में नहीं था। आशंका है कि मृत युवक को कहीं दूसरी जगह मार कर यहां लाकर फेंक दिया गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि संदिग्धों की तलाश की जा रही है। तथा पुलिस जल्द ही हत्यारों को पकड़ लेगी। वही लोगों के बीच चर्चा रही कि स्मैक के खरीदने और बेचने को लेकर विवाद में युवक की हत्या की गई है । मृत युवक को स्मैक के नशे का लत लग गया था। तथा जसरा में स्थित स्मैक बेचने वालों के साथ देखा जा रहा था। वहीं पुलिस जसरा क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार करने वाले लोगों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। वही दोपहर बाद फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट व डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। तथा सबूतों को इकट्ठा कर अपने साथ ले गए।

### जसरा में ससुराल आए युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

**जसरा।** जसरा के एक गांव में ससुराल आए युवक ने देर रात किसी समय घर के सामने स्थित आम के पेड़ पर फंदे के सहारे लटक कर जान दे दे दी। सुबह जब लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। जसरा के खटंगिया गांव गांव में दीउर कर्बी निवासी शिव भवन सिंह के पुत्र शिव बहादुर सिंह 27 वर्ष का ससुराल है। उसकी पत्नी पिछले कई महीनों से अपने मायके में ही रह रही है। जिसको बुलाने के लिए शिव बहादुर सिंह बुधवार की शाम को अपने ससुराल पहुंचा था। रात को ससुराल में खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए। देर रात किसी समय शिव बहादुर घर के सामने स्थित आम के पेड़ पर फंदे के सहारे लटक गया। सुबह जब लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौहनिया चौकी इंचार्ज ताराचंद्र ने बताया कि युवक के परिजन आ चुके हैं। पोस्टमार्टम के रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कराने की बात कह रहे।

### यूनाइटेड डिप्लोमा स्पोर्ट्स फेस्ट में चमके पार्थ, शान, कार्तिकेय

**नैनी।** यूनाइटेड डिप्लोमा स्पोर्ट्स फेस्ट 2023 का बुधवार को यूसीईआर सभागार, नैनी में विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। पार्थ सिंह, शान सिंह चौहान और कार्तिकेय पाल इस दो दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट के सितारे बनकर उभरे। प्रिंसिपल, यूसीईआर प्रो एचपी शुक्ला ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर प्रो. शुक्ला ने खेल भावना दिखाने के लिए प्रतिभागियों को बधाई दी और छात्रों को अपने करियर के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। डीन, डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। परिणाम में बैडमिंटन सिंगल्स में अर्पित राज और पार्थ सिंह ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया जबकि बैडमिंटन डबल्स में पार्थ सिंह और प्रखर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया जबकि अर्पित राज और अभिषेक कुमार की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। टेबल टेनिस (एकल) स्पर्धा में अर्पित राज और पार्थ सिंह ने क्रमशः पहला और दूसरा पुरस्कार हासिल किया, जबकि शतरंज स्पर्धा में अभिनव प्रकाश और उज्जवल शिवबहादुर सिंह ने क्रमशः शीर्ष दो स्थान हासिल किए। इसी तरह कैरम में विशाल व मोहम्मद रेहान तथा रस्साकशी में विद्युत शाखा व सिविल शाखा की टीम ने क्रमशः दो-दो स्थान हासिल किए। जेवलिन थ्रो में उत्कर्ष मिश्रा, शान सिंह और अभिषेक कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि शॉटपुट में कार्तिकेय पाल, हर्ष यादव और उत्कर्ष मिश्रा ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। 200 मीटर में पार्थ सिंह, कार्तिक पाण्डेय और शान सिंह ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार जीता, जबकि 100 मीटर में अनिकेश सिंह, आकाश सिंह और शान सिंह चौहान ने तीन स्थान हासिल किए। इसी तरह वॉलीबॉल में सिविल ब्रांच और इलेक्ट्रिकल ब्रांच ने दो-दो स्थान हासिल किए।

# आपदा व वज्रपात प्रबंधन प्राधिकरण सुरक्षा के प्रतिप्रधान व सचिवों को किया गया प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश




**करछना।** विकासखंड करछना के सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं टाइम सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्राप्त वज्र पात एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने फीता काटकर किया इस जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कार्यदाई संस्था टाइम प्रोफेसर के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष दीक्षित के द्वारा किया गया प्रशिक्षण डॉक्टर सत्येंद्र कुमार एवं डॉ सौरव सिंह ने वज्रपात आपदा प्रबंधन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की भूमिका आपदाओं के रोकथाम एवं बचाव के उपायों में विस्तार से बताया गया जिसमें भूकंपीय तथा आकाशीय बिजली का प्रभाव लक्षण कारण आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई इस मौके पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा दुष्यंत सिंह सत्येंद्र कुमार प्रवीण मिश्रा सचिव संजीव श्रीवास्तव ,राज कपूर गौतम ,अब्दुल बारी, रामसकल, विनोद कुमार, कमल सिंह, प्रीति शुक्ला ,शिव गणेश प्रधान ,अक्षत सिंह सचिव अमरेश सिंह ,प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट तथा सहायक सचिव उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम में शामिल रहने के लिए लेखपालों को निर्देशित किया गया था कि हल्का लेखपाल प्रशिक्षण में भाग लेंगे जिन को सूचित किया गया था लेकिन हुए बैठक में शामिल नहीं हो सके जिसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी को अवगत करा दिया है।

# सोशल मीडिया पर असलहा का प्रदर्शन

## बेइज्जत की धमकी, किसान मोर्चा भाजपा मंडल मंत्री का पोस्ट, बीडीसी के पति का विवादित पोस्ट, जेल काट कर आया हूं , मत कहना क्या हो रहा है !

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** सोशल मीडिया एंव ट्विटर पर भाजपा के किसान मोर्चा मंडल मंत्री एंव बीडीसी पति का विवादित पोस्ट असलहा का खुला प्रदर्शन करते हुए एक मिनट में बेइज्जत करने की धमकी दी जा रही है । और यह भी पोस्ट में लिखा है कि जेल हो कर आया हूँ।जेल जाने से नहीं डरता हूँ।उक्त विवादित पोस्ट से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कि इसके पास असलहा नहीं है आखिर कहां से मिला? यह लाइसेंसी है कि गैर लाइसेंसी ? इस विवादित पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों बीडीसी पति एंव किसान मोर्चा मंडल मंत्री भाजपा दीपक मिश्रा का सोशल मीडिया एंव ट्विटर पर विवादित पोस्ट चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर किसी का असलहा लेकर विवादित पोस्ट में लिखा गया है कि करना जानता हूँ, मुझे किसी से डर नहीं है, हां मेरा घर मऊआइमा चौराहे पर है ,बेइज्जत करने में एक मिनट का काम है। यही नहीं दूसरे पोस्ट में खिलाफत करके देखो परिणाम तुम्हारे सामने होगा ,मैं तो आठ नौ महीना जेल काट चुका हूं ,मैं जेल जाने से नहीं डरता हूँ ,अपनी पूरी ताकत लगा लेना, बाद में यह मत कहना कि अब क्या हो रहा है। आगे लिखा गया है कि दीपक मिश्रा क्षेत्र पंचायत सदस्य किसान मोर्चा मंडल भाजपा ,जय श्री राम।इसके जवाब में विद्रोही सामना नामक कोई पत्र ने टिप्पणी की है कि गुंगई वाला पोस्ट वायरल पर कहा गया है कि हत्या ,रंगरदारी जैसे कई मामले हैं.। कार्यवाही की मांग प्रशासन से की है. इसी क्रम में समाज सेवी ने टिप्पणी की है कि मामला संज्ञान में लें ,अपराधी बीजेपी नेता को धमकी दे रहा है ,बीजेपी नेताओं में डर का माहौल बना हुआ है । मामले में उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।मामला सी एम के पास जाएगा। टिप्पणी में कहा गया है दुःख की बात है कि पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। टिप्पणी में आरिफ सलमानी कहते हैं कि इनको जेल भेजिए ,ऐसे लोग समाज में रहने लायक नहीं हैं।फैज अहमद जाफरी टिप्पणी करते हैं कि प्रशासन को ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। भाजपा के कई नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहे कि यह पोस्ट एक भाजपा नेता को निशाना बनाते हुए पोस्ट किया गया है जो निन्दनीय है। क्षेत्र में इस पोस्ट को लेकर चर्चा बना हुआ है कि इसके पास असलहा कहाँ से आया। लाइसेंसी है कि गैर लाइसेंसी ? इस बाबत मऊआइमा पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर उन्हें ऐसे किसी पोस्ट की जानकारी नहीं है।

## न्यूज झरोखा

### गिट्टी लदी ट्रक पलटने से मार्ग बाधित चालक व खलासी घायल



**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर भोपतपुर गांव के सामने गुरुवार की भोर में बेला रीवां मध्य प्रदेश से ट्रक में गिट्टी लादकर सिरमौर रीवां निवासी चालक राजमणि यादव ने ट्रक को लेकर जौनपुर जिला के बदलापुर में उतारने जा रहा था। ट्रक सहित चालक जैसे ही भोपतपुर के सामने पहुंचा ही था कि अचानक ट्रक की स्टीयरिंग फेल हो गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए राजमार्ग के बाएं लेन पर पलट गया। ट्रक पलटने ने व गिट्टी की छरछराहट का तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने शीशा तोड़ कर चालक राजमणि यादव तथा सहचालक सुभाष यादव को बाहर निकाला तथा पास के एक निजी अस्पताल में चोटिल होने के कारण उपचार हेतु भर्ती कराया। जहां पर चालक तथा सह चालक की स्थिति सामान्य है। वहीं पर ट्रक पलट जाने से सड़क पर गिट्टी बिखरने के कारण राजमार्ग के बाईं पटरी पर आवागमन बाधित है।

### नाबार्ड के सौजन्य से किसानों को जागरूक किया




**करछना।** जिला सहकारी बैंक लिङ्क नैनी द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से महुआरी सहकारी समिति गोंती में किसानो को सार्या संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वित्तीय साक्षरता में समिति में उपलब्ध सुविधाओं किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमायोजना, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा जो मात्र 10रू में उपलब्ध है, इफको की खाद तो खाद बीमा साथ,धान खरीद,विद्युत बिल जमा तथा भारत सरकार द्वारा इस वर्ष मोटे अनाज के लिये घोषित मिलेट्स वर्ष 2023 के विषय में शाखा प्रबंधक नैनी विक्रम प्रताप सिंह ने विस्तार से बताया गया इस अवसर पर एडीयो चाका श्रीमती दिव्या यादव, समिति सचिव राहुल, भोला नाथ सिंह, विनोद श्रीवास्तव, रामचंद्र व क्षेत्र के किसान भाई, गाँव की महिलायें व बच्चे उपस्थित रहे।

### गैंग डी-49 का वांछित गिरफ्तार, देशी बम बरामद



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित (गैंग डी-49) अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।उसके कब्जे से आधा दर्जन देशी बम बरामद हुआ है। शंकरगढ़ एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शंकरगढ़ पुलिस द्वारा पंजीकृत गैंग 49-डी के सक्रिय सदस्य व अपराध संख्या 307/2022, धारा 2/3 गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में वांछित को गिरफ्तार किया गया है। थाने की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त राकेश उर्फ जलंधर पुत्र ननकऊ कोल (निवासी नीबी लोहगरा, थाना बारा) को थाना क्षेत्र के अल्ट्राटेक यार्ड के सामने बाँदा-प्रयागराज हाईवे के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। राकेश उर्फ जलंधर के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में पहले से तीन मामले पंजीकृत हैं।

# बड़ोखरा गांव में एक ही रात में दो घरों में चोरी

## चोरों ने एक लाख चार हजार नगद व लाखों के जेवरात किए पार



**रत्योरा।** स्थानीय थाना के बड़ोखर चौकी क्षेत्र में बड़ोखरा गांव में दो अलग अलग घरों को बीतीरात को चोरों ने निशाना बनाया जिससे गांव में दहशत का माहौल देखा जा रहा है ।चोरों ने चौकीदार को भी नहीं बख्शा है। शराब सेल्समैन के घर को अपना निशाना बनाते हुए 1लाख 4हजार नगद एवं लाखों के जेवरात पार कर दिए। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखरा गांव के राहुल पुत्र साहब लाल आदिवासी अपने ही गांव के सरकारी देसी शराब ठेके पर सेल्समैन का काम करता है। प्रतिदिन की तरह बीती रात को राहुल अपने कच्चे मकान से सटा हुआ पक्का मकान में सो रहा था जोकि पक्के मकान में अभी दरवाजा नहीं लगा हुआ है । माता पार्वती कच्चे खपरैल मकान में सो रही थी। चोरों ने रात्रि लगभग 1 बजे आस पास पीछे तरफ से घर में घुसे और बंद कमरे ताला तोड़कर घर में घुस गए जब अलमारी तोड़ने का प्रयास किया तो बैठका में सो रही पार्वती की नींद खुल गई और दौड़ी तो दरवाजे के बाहर खड़े एक चोर ने पार्वती का गला दबाकर पकड़ लिया और कनपटी पर कट्टा सटा दिया कहा की आवाज दोगी तो जान से मार दूंगा । हौसला बुलंद चोरों ने अलमारी को तोड़कर रखा एक लाख 4हजार नगद व जेवरात लेकर चोर फरार हो गए। पार्वती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि तीन लोग एक साथ मेरे घर में घुसे थे 2 को मैं पहचान नहीं सकी जिसने मेरा गला दबाया हुआ था और मेरे कनपटी पर कट्टा सताया हुआ था वह मेरे गांव के बगल ही गजनी गांव का रहने वाला मकरंदी पुत्र इंद्र बहादुर था। जिसको मैं अच्छी तरह से जानती हो पहचानती हूं कट्टा सट्टा देने के वजह से मैं आवाज नहीं लगा पाई और मैं डरी हुई थी राहुल ने बताया कि एक दिन पहले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा रत्योरा से पैसे निकलवा कर गुरुवार को ट्रैक्टर की किस्त जमा करना था जिसकी वजह से मैं पैसा निकलवा कर घर में रखा था। उन्होंने बताया कि जब चोर चोरी करके चले गए तब मां डरी हुई आवाज देने लगी तब हम लोगों को पता चला । दौड़ कर गए तो देखा कि अलमारी का लाकर टूटा हुआ था और पैसा व जेवरात नहीं रहा। जिससे चोरों ने निशाना बनाते हुए रखा रुपए लूट लिया। इसी प्रकार बडोखरा गांव के विष्णु नारायण पुत्र गोकुल प्रसाद चौकीदार के घर में हुई बीती बुधवार की रात चौकीदार भोजन करने के बाद घर में सो रहा था अज्ञात चोर घर में कब और कैसे घुस गए इसकी किसी को भंनक नहीं पड़ी ।जिस कमरे में चौकीदार सो रहा था उसके बगल दूसरा कमरा स्थित जिसमें ताला बंद था चोर ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए कमरे में रखा बक्सा को निशाना बनाते हुए घर से 100 मीटर दूरी पर खेत में लेजाकर बक्सा में रखा हुआ जेवरात पार कर दिया और बॉक्स को खेत मे ही छोड़ दिया है। चौकीदार ने बताया कि बक्से में लगभग 50हजार के जेवरात रखा हुआ था जिसे चोरों ने हम गरीब का उठा ले गए। कोरांव क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं घटती रहती है और पुलिस कार्रवाई भी करती है ।किंतु फिर भी चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि आए दिन अपना निशाना बनाते रहते हैं। जिससे गावों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

### माघ मेले में संगम तट पर एनडीआरएफ की टीम मुस्तैदी से तैनात

**प्रयागराज।** आपदा जोखिम और नियुनीकरण हेतु कमान्डेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें निरीक्षक इंद्रदेव कुमार और निरीक्षक दीपक मंडल के नेतृत्व मे निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक चंदन सिंह, उप निरीक्षक प्रेम सिंह,सहायक उप निरीक्षक ब्रजेश पांडेय,इंद्रजीत यादव, रतन मौर्या,मनवीर सिंह, मुख्य आरक्षी के के पांडेय, मनीष आदि की माघ मेला प्रयाग राज में तैनात की गयी हैं । कड़ाके की ठंड मे भी एन डी आर एफ के जवान 24 घंटे संगम तट पर सक्रिय नजर हैं । माघ मेला प्रयाग राज मे स्नान पर्व को सकुशल/सौहार्द पूर्ण वातावरण मे संपन कराने हेतु 11 वी बटालियन एन डी आर एफ की टीमे शास्त्री घाट, वी आई पी घाट से लेकर संगम तक, वी आई पी घाट,पीपा पुल नंबर दो और अरैल घाट क्षेत्र पर मुस्तैदी से तैनात हैं । संगम तट के किनारे स्नान से पूर्व एन डी आर एफ की टीमे तैनात रहती है और स्नान शुरू होते ही टीमे सक्रिय हों जाती हैं और जरूरी उपकरणों लाइफ बॉय, लाइफ जैकेट और डीप ड्रिवर सेट आदि के साथ मोटर वोट से संगम तट के किनारे भ्रमण करती रहती है और स्नान पर्व को सौहार्द पूर्ण संपन करा रही हैं।

### पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी के निधन पर शोक

**सहसों।** क्षेत्र के दामोदर पुर उर्फ तिवारीपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सत्तर वर्षीय ब्रह्मदेव त्रिपाठी आस्था की नगरी प्रयागराज में कल्पवास के लिए गए हुए थे। जोकि गुरुवार की भोर में अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन तत्काल मेला क्षेत्र स्थित टेंट में पहुंचे तथा एंबुलेंस से लेकर जैसे ही इलाज के लिए निकले वैसे ही उनके अंतिम सांस के साथ प्राण पखेरू उड़ गए। उनके निधन से परिजन सहित गणमान्य व्यक्तियों में शोक व्याप्त है। इस मौके पर उनके आवास पर पहुंचकर कर ग्राम प्रधान बाल गोविंद त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शेषमणि त्रिपाठी, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, अधिवक्ता सृष्टिनाथ त्रिपाठी, जय कृष्ण पांडे, लालजी द्विवेदी, राजू तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ल, विश्वंभर नाथ तिवारी, राम सिंह यादव, गिरधारी लाल यादव आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किए।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया ग्राहकों को जागरूक



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** हनुमानगंज के साधन सहकारी समिति पर नाबार्ड के वित्तीय समावेश निधि के अंतर्गत इलाहाबाद डिस्टिक को ऑपरेटिव बैंक की शाखा हनुमानगंज में गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव शाखा हनुमानगंज के शाखा प्रबंधक सुशील सिंह के प्रबंधक एवं सहायक पर्यवेक्षक कमल सिंह ने किसानों तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ जरूर उठाएं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना के अलावा एटीएम कार्ड के प्रयोग से सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर शार्प सेवा समिति मिजार्पुर द्वारा कोऑर्डिनेटर नीतू चौबे तथा कृष्णा चौबे की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक से संबंधित विभिन्न जानकारियों की सजीव प्रस्तुति नाटक के माध्यम से करके लोगों को उपयोग, सुरक्षा तथा लाभ उठाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेला सिंह डायरेक्टर इलाहाबाद डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक तथा संचालन सचिव कमलेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर आशीष कुमार मिश्रा, विकास सिंह, हरमिलन सिंह आदि मौजूद रहे।



### इंडियन बैंक शाखा जसरा में ग्राहक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**जसरा।** इंडियन बैंक शाखा जसरा में एक ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के विभिन्न डिजिटल सेवाओं एवं अन्य बैंकिंग उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई। क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय से उपमहाप्रबंधक मिथिलेश कुमार ने बैंक के विभिन्न वाहन कर्ज,गृह कर्ज एवं अन्य उत्पादों के संबंध में बताया गया। बैंक सावधि जमा योजना खंड शक्ति 555 दिन विशेष रूप से बताया गया। जिसमें सामान्य नागरिकों को 555 दिन सात प्रतिशत एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए साढ़े सात प्रतिशत का ब्याज प्राप्त होगा। शाखा प्रबंधक धीरज कुमार ने वित्तिय समावेशन के अन्तर्गत पीएमएसबीआई, एपीवाई, पीएमजेजेबीवाई से होने वाले लाभ के संबंध में ग्राहकों को जानकारी दी एवं डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक अनिल मित्रा शाखा के कई सम्मानित ग्राहक सत्येन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश केसरवानी, रमेश चंद्र मालवीय, विजय केसरवानी सतीश खरे सहित दर्जनों ग्राहक मौजूद रहे।

### पाइप में लीकेज होने से सड़क पर बह रहा पानी, गिरकर लोग हो रहे चुटहिल



**जंघई।** बरुणा जंघई पर पतैयां गेट के पास प्रधानमंत्री पेयजल योजना के अंतर्गत जो पाइप लाइन डाली गई है उसमें कई जगह लीकेज होने के कारण पूरा पानी सड़क पर बह रहा है और लोगों के घर में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। आवागमन करने वाले राहगीरों, बाइक सवार एवं साइकिल सवार फिसल कर चुटहिल हो रहे हैं। आवागमन करने वाले नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है क्योंकि इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### नैनी लेप्रसी चौराहे पर सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम चलाया गया

**नैनी।** लेप्रसी चौराहे पर सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी के विरूद्ध चेकिंग अभियान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे लेप्रसी चैराहा, बांगड़ धर्मशाला चैराहा में चलाया गया। इस अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालकों को तीन लोगों को बैठाकर न चलाये के संबंध में जागरूक किया गया एवं बारा वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी।इसके अतिरिक्त वाहनों में हूटर, सायरन व प्रेशर हार्न के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया।

उक्त जागरूकता अभियान में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी जैसे दो पहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाये नशे की हाल में वाहन न चलाये रेड सिग्नल को पार न करें लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, का पालन किया जाये जिससे सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। इस सुरेश कुमार मौर्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन तृतीय दल, सुरेन्द्र सिंह, यात्रीकर अधिकारी, विक्रान्त सिंह यात्रीकर अधिकारी, रामसागर यात्रीकर अधिकारी एवं प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहें।

# अपर पुलिस महानिदेशक एवं मण्डलायुक्त ने मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर की बैठक

**भीड़ प्रबंधन एवं यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**

**मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश**

**स्नान के बाद भीड़ के डिस्पर्सन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश**




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर एवं मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मौनी अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल, सुगम एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों के द्वारा मेला क्षेत्र में स्नान पर्व को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु की गयी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक ने निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण न होने पाये।

उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी बातों का विशेष ध्यान रखा जाये तथा उसको गम्भीरता से ले। संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध वस्तुओं पर विशेष ध्यान रखा जाये। एडीजी जोन ने कहा कि मेला क्षेत्र में पानी का छिड़काव समय पर होता रहे, जिससे कि धूल इत्यादि की समस्या न हो। उन्होंने पीपे के पुल पर किसी भी दशा में जाम न होने पाये, इसकी समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। साथ ही साथ उन्होंने सभी पीपे के पुलों को पुनः एक बार चेक करने के लिए कहा है। अपर पुलिस महानिदेशक ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर स्नान पर्व को सकुशल एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि टीम वर्क की भावना से कार्य करने पर किसी भी कार्य में सफलता अवश्यंभावी है। उन्होंने भीड़ एवं यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि स्नान पर्व के दिन स्नान के बाद भीड़ के डिस्पर्सन की समुचित व्यवस्था रहे, जिससे कि किसी भी दशा में शहर में जाम की स्थिति न उत्पन्न होने पाये।मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बैठक में कहा कि मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समुचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बंधित कम्पनियों से समन्वय बनाकर इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने स्नान पर्व के दिन दुकानों पर अनावश्यक भीड़ न इकट्ठा होने पाये, इसकी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने जल निगम को मेला क्षेत्र में कहीं पर भी पानी लिकेज न होने पाये, इसकी शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने पीपे के पुलों तथा मेला क्षेत्र में बनायी गयी सड़कों पर चकर्ड प्लेटों को सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने कंट्रोल रूम में सभी सम्बंधित विभागों को अपने विभाग से सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की चैबीस घण्टे की व्यवस्था हेतु शिफ्ट वार ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने मेला क्षेत्र में शौचालयों, मोबाइल शौचालयों तथा पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्टेशनों व अन्य स्थलों पर बनाये गये होल्डिग एरिया में प्रकाश, शौचालय, पीने के पानी एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकरी एवं प्रधानाचार्य स्वरूपरानी को अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में बेड़ों, चिकित्सकों, दवाईयों की व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। घाटों पर निरंतर साफ-सफाई, प्रकाश, चेजिंग रूम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रहे साथ ही साथ जल पुलिस एवं गोताखोरों की भी पर्याप्त मात्रा में तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि नाव में ओवरलोडिंग किसी भी दशा में न होने पाये। निर्धारित संख्या के अनुरूप ही लोग नाव में बैठे तथा जितने लोग बैठे उतने लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से रहे। किसी भी दशा में नशे की हालत में कोई भी नाविक नाव न चलाने पाये, यदि इस तरह की कोई शिकायत पायी जाये, तो सम्बंधित नाव को सीज कर दिया जाये। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें निरंतर घाटों पर तैनात रहकर आवश्य व्यवस्था बनाये रखे। मण्डलायुक्त ने विद्युत आपूर्ति की निरंतर व्यवस्था बनाये रखने तथा जनरेटरों की चेकिंग पहले से ही किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र में अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। किसी भी आपदा या घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रूप से सुनिश्चित रहे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, अपर पुलिस आयुक्तआकाश कुलहरि, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी अरविंद चौहान, एसपी मेला राजीव नारायण मिश्रा, अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद एवं विवेक चतुवेर्दी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया सड़क जाम

**पुलिस से हुई नोकझोंक, बोले- कल से हॉललैंड हॉल हॉस्टल में नहीं आ आयी लाइट**





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के हॉललैंड हाल छात्रावास में कल से लाइट कटौती से नाराज सैकड़ों छात्रों ने बैंक रोड मार्ग पर सड़क जाम कर दिया। देखते ही देखते लंबा जाम लग गया। इस दौरान छात्रों ने बताया कि इलाहाबाद विश्व विद्यालय के हॉललैंड छात्रावास में कल रात से ही लाइट नहीं है। लाइट की शिकायत को लेकर जब पावर हाउस पर आए तो यहां पर ये लोग कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। इसीलिए हम लोग सड़क जाम किए हैं। छात्रों ने हमारी मांग यही है कि हमारे हॉस्टल की लाइट ठीक करा दी जाए। हम लोग रास्ता खोल देंगे। छात्रों का कहना था कि हम लोगों से अभी कोई भी बिजली विभाग का अधिकारी बात नहीं किया है। लाइट न होने के कारण हम लोगों की पढ़ाई बाधित हो रही है, लेकिन यहां कई घंटे बीत जाने के बावजूद भी अब तक हमारे छात्रावास की लाइट ठीक नहीं कराई गई है।

### छात्रों और पुलिस की हुई नोकझोंक

छात्रों द्वारा रास्ता जाम करने पर, आधे घण्टे के अंदर ही चुंगी से बैंक रोड मार्ग पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जिसके वजह से जाम में फंसे राहगीरों को काफी देर तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पुलिस की गाड़ी को भी छात्रों ने रोक दिया जिससे छात्रों और सिपाहियों से हल्की कहा सुनी भी हुई। लेकिन सिपाही द्वारा आवश्यक कार्य बताने पर छात्रों ने पुलिस की गाड़ी को निकलवा दिया। लेकिन सैकड़ों गाडियां वहीं फंसी रही।

### सीओ के आश्वासन के छात्रों ने हटाया जाम

आधे घंटे बीत जाने के बाद कर्नलगंज के सीओ राममोहन राय ने आकर छात्रों को समझाया और जल्द से जल्द छात्रावास की लाइट को ठीक कराने का आश्वासन दिया। तब छात्रों ने सड़क से जाम हटाया। लेकिन जाम खुलने के बाद भी घंटो गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रही। फिलहाल जाम पूर्ण रूप से खुल गया।

# रेलवे का टिकट ब्लैक करने वाला युवक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल) की विजिलेंस टीम ने अवैध रूप से रेलवे टिकट की बिक्री करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ के मुताबिक, "मिशन उपलब्ध" के तहत रेलवे आरक्षण ई-टिकटों का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए कौशांबी में छापेमारी की। इसमें अभियुक्त पंकज पटेल पुत्र राम मगन सिंह निवासीगांव-शेखपुर रसूलपुर, थाना-चरवा, जिला कौशांबी को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से अवैध रूप से अपने निजी आईआरसीटीसी आईडी से रेलवे टिकटों का व्यापार करने के उद्देश्य से निकाले गए टिकट भी बरामद किए गए। उसके पास से संबंधितइलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी साथ में मिले हैं।

### ज्यादा रुपए में बेचता था टिकट

बताया जा रहा है कि अभियुक्त आईआरसीटीसी आईडी ल्लि 231190 से ई-टिकट निकाल कर जरूरतमंदों को 150 से 200 रुपए की अधिक कीमत पर बेचता था। उसके पास से एक कंप्यूटर, मॉनिटर, सीपीयू, 11 ई टिकट (कीमत 13,428 रुपए), मोबाइल व 1500 रुपए बरामद हुए। अभियुक्त पर रेलवे एक्ट की धारा 143 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार सरोज, सहायक उपनिरीक्षक शिव नरेश यादव, विजिलेंस निरीक्षण जितेन्द्र कुमार सिंह शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### सद्भाव दिवस के रूप में मनाया गया समाज सेविका शशिलता का जन्मदिन



**नैनी।** प्रख्यात सामाजिक संगठन अपनालय वेलफेयर सोसाइटी एवं अपनालय वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में माँ गंगा की स्वच्छता हेतु समर्पित सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के माघ मेला शिविर में आयोजित खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम संस्था की संस्थापिका स्मृतिशेष श्रीमती शशि लता जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता ह्लनंदीह्व ने शशि लता जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया, तत्पश्चात माघमेला क्षेत्र में विभिन्न वर्गों को खिचड़ी प्रसाद सहित मिष्ठान का वितरण किया गया महापौर ने बताया कि शशिलता जी सामाजिक सेवा सहित परिवार के मध्य समरसता की प्रेरणास्त्रोत रहीं हैं उन्होंने बताया कि संस्था के वर्तमान संचालक व शशिलता जी पुत्र अम्बरीष सिंह अपने माता जी के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज में विभिन्न विषयों पर अपना योगदान दे रहे है और एक सुपुत्र की माँ के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि भी है! प्रसाद वितरण कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के सम्मानित सदस्यों सहित विशिष्ट जनों ने उपस्थिति प्रदान कर योगदान दिया! कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष संतोष तिवार,सचिव कुंवर जी तिवारी,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया,महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा,अधिवक्ता बृजेश तिवारी,प्रवीण तिवारी,बब्रुवाहन सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सुनीता द्विवेदी, मीनू पाण्डेय, अंजली, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, विजय तिवारी, नेता भैया सरिता खुराना, पतविंदर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजुल शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत रविशंकर द्विवेदी, डॉ वर्तिका श्रीवास्तव,जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव आदि रहे।

### आधारशिला वृद्धा आश्रम में गर्म वस्त्रों का किया गया वितरण

**सेवा से प्राप्त आशीर्वाद ईश्वर की पूजा से भी बढ़कर है : खुशबू केसरी**



**नैनी।** आधारशिला वृद्धाश्रम में समाज सेविका खुशबू केसरी ने सभी वृद्धजनों को इस भीषण ठंड से बचने के लिए गर्म वस्त्रों का वितरण कर एक मिसाल पेश की जिसकी सराहना जितनी की जाए कम है। श्रीश कुमार केसरी ने वृद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब की सेवा से जो आशीर्वाद प्राप्त होता है। वह ईश्वर की पूजा से भी बढ़कर है। प्रत्येक आत्मा में परमात्मा का वास होता है। इसलिए आप सब हमारे लिए भगवान के समान हो। अभिनेश गुप्ता ने कहा कि हम सब आप लोगों की सेवा करने के लिए समय समय पर उपस्थित रहते हैं। समाज सेविका खुशबू केसरी, प्रगति गुप्ता, सोनम गुप्ता,अभिनेश गुप्ता, श्रीश कुमार केसरी,समाजसेवी द्वारा भावनात्मक सहयोग आत्मीय भाव एवं विचारों के माध्यम से प्यार व स्नेह पाकर निवासरत माता पिता भावुक होकर दुआएं देते रहें। आश्रम प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान के माध्यम से वृद्ध आश्रम की समस्त सुख-सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है। सामाजिक सोच एवं विचारों के माध्यम से समाजसेवियों द्वारा वृद्धजनों के हित में की गई सेवा से वृद्ध माता-पिता को आंतरिक खुशी के साथ-साथ जीवन के प्रति उत्साह की अनुभूति होती है।

### खो-खो प्रतियोगिता में रेंजर्स टीम विजेता रहे



**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में खेल-कूद के अंतर्गत दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ बृहस्पतिवार को हुआ। प्रथम दिन बालिका खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में रेंजर्स टीम विजेता एवं विज्ञान विभाग की बालिकाएं उपविजेता रहीं। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षा - संकाय के अधिष्ठाता एवं क्रीड़ा अध्यक्ष प्रो. डा. के.के.तिवारी के कर कमलों द्वारा हुआ। इसमें डा.मनिष सिंह ( खेल सचिव ), डा.अवधेश कुमार ( खेल निर्णायक), डॉ हिमांशु शेखर सिंह, डॉ विष्णु शुक्ल (समन्वयक रोवर/रेंजर), डा.देवेन्द्र यादव, डॉ संतेश्वर मिश्रा, डॉ भूप नारायण, डा.विक्रम सिंह, डॉ आलोक विश्वकर्मा, डा.प्रभात यादव, डा.पुष्पांजलि पाल, श्री मती किरन सिंह, विमलेश दूबे आदि उपस्थित रहे।

### पत्रकारों ने शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

**नैनी।** नैनी रिपोटर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व० अनिल मिश्रा के पिता जय नारायण मिश्रा के निधन पर स्थानीय पत्रकारों ने दुःख व्यक्त करते हुए शोकसभा कर श्नद्वाजलि अर्पित करते हुए परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालो में नेशनल जर्ननिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, संयोजक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, महासचिव सुनील गिरि, प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, एस पी सिंह, सूर्यमणि द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ पत्रकार संजय कुशवाहा, अभय सिंह, यमुनापार पत्रकार एसोसिएशन के भूषण सिंह पटेल, मनोज त्रिपाठी, रणकेन्द्र सिंह सहित आर डी केशरवानी, राजीव वर्मा, शिवमूरत केसरवानी, सुनील केशरवानी, राकेश गुप्ता समेत कई पत्रकार शामिल रहे।

# साथी कर्मचारी की मौत पर मेजा ब्लॉक में शोक सभा आयोजित

**दोषी एक्सियन के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन-राजेश तिवारी**



**मेजा।** एसोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन संघ प्रयागराज के नवनिर्वाचित मंत्री राजेश तिवारी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को मेजा ब्लॉक में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें चतुर्थ श्रेणी नलकूप कर्मी सुशील पांडे की विभाग के अधिशासी अभियंता की प्रताड़ना से संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में दोषी अधिकारी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने तथा बर्खास्त किए जाने की मांग की गई । उल्लेखनीय है कि करछना थाना क्षेत्र के खाई गांव निवासी सुशील पांडे बघाड़ा स्थित नलकूप खंड 3 कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे बीते 18 जनवरी को विभाग के अधिशासी अभियंता की प्रताड़ना से आजीज जाकर आत्महत्या कर लिया था जिसकी जानकारी मिलने पर आक्रोशित कर्मचारियों ने आनन-फानन में शोक सभा आयोजित कर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से जहां प्रार्थना किया वही दोषी अधिशासी अभियंता के विरोध में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया शोक सभा को संबोधित करते हुए संघ के मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि कर्मचारी आत्महत्या करें यह बड़ा ही दुखद है उन्होंने आगे कहा कि सुशील पांडे को प्रताड़ित करने वाले अधिशासी अभियंता को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा यदि मामले को गंभीरता से ले कर पुलिस ने दोषी अधिकारी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा और विभागीय उच्चाधिकारी अधिशासी अभियंता को बर्खास्त नहीं किया तो संघ के सभी पदाधिकारी आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार साहू उमेश कुमार राजेंद्र कुमार यादव संजय भारती दीप नारायण पाल राकेश कुमार सिंह है मोहन सिंह जितेंद्र मिश्रा तथा मनु बिंद के अलावा कई अन्य पदाधिकारी एवं आम जनमानस के लोग शोक सभा में मौजूद रहे।

# शिक्षकों के बीच पहुंचे प्रत्याशी, मांगा समर्थन

**इलाहाबाद झांसी एमएलसी चुनाव के लिए चल रहा प्रचार, कई शिक्षक संगठनों ने दिया समर्थन**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से प्रचार प्रसार तेज कर दिया गया है। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे और यहां शिक्षकों से जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा एमएलसी प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी ने कहा कि इलाहाबाद से झांसी तक सभी सम्मानित शिक्षकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और हमें पूरा विश्वास है शिक्षकों के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी यह चुनाव भारी बहुमत से जीतेगी और जीत का नया इतिहास रचेगी। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों से भाजपा को जिताने की अपील की और शिक्षकों के हित में सदा कार्य करने का आश्वासन दिया।

## समर्थन मांगने कॉलेजों में पहुंचे भाजपाई



**प्रयागराज।** महानगर के डॉक्टर केपी जायसवाल इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज, सेवा समिति इंटर कॉलेज रामबाग, क्रॉस वेट इंटर कॉलेज, महिला सेवा सदन डिग्री एवं इंटर कॉलेज, सीएमपी डिग्री एवं इंटर,कॉलेज,गंगा बाल विद्या मंदिर, बीबीएस कॉलेज, ज्वाला देवी इंटर कॉलेज, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, यूनाइटेड कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों में जाकर शिक्षकों से संपर्क किया और वहीं पर शहर पश्चिमी के एमएलसी चुनाव प्रभारी अखिलेश कुशवाहा ने बेसिक इंटर कॉलेज राजरूपुर , दिग्गज सिंह स्कूल कालिंदीपुरम, महर्षि विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कालिंदीपुरम ,महिला ग्राम इंटर कॉलेज चौफटका ,हमीदिया गर्ल्स इंटर कॉलेज नखास कोना में पहुंचकर समर्थन मांगा।जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ,ज्ञानेश्वर शुक्ला, प्रमोद मोदी, पदुम जायसवाल, राजेश केसरवानी, अखिलेश कुशवाहा, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, किशन चंद्र जायसवाल, अजय अग्रहरि, सत्येंद्र जायसवाल, विजय कृष्ण मेहता, आशीष जायसवाल, गोपाल जी पाठक, अरुण गुप्ता, पद्माकर श्रीवास्तव, सुनील केसरवानी आदि रहे।

# भारतीय पुरातत्व विभाग ने जवाब के लिए मांगा समय, 20 मार्च को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित कथित शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग मामले में भारतीय पुरातत्व विभाग को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। याचिका की सुनवाई 20 मार्च को होगी।याची के अधिवक्ता ने भी सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के प्रभाव की जानकारी के लिए समय मांगा। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने लक्ष्मी देवी तथा अन्य की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है।याची के अधिवक्ता ने भी सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के प्रभाव की जानकारी के लिए समय मांगा। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने लक्ष्मी देवी तथा अन्य की पुनरीक्षण याचिका पर दिया हैकोर्ट ने पिछली सुनवाई में ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कथित शिवलिंग में बिना किसी छेड़छाड़ के कॉर्बन डेटिंग जांच की जानकारी मांगी थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन केस के कारण, इस याचिका पर पड? वाले प्रभाव पर सुप्रीम कोर्ट से स्पष्टीकरण लेने का समय दिया था। कोर्ट ने पूछा था, क्या ऐसी कोई विधि है, जिससे कथित शिवलिंग को बिना नुकसान पहुंचाए उसकी कॉर्बन डेटिंग जांच की जा सके। इस पर ऑर्कोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने जवाब दाखिल कर कहा कि उसके पास ऐसी विधियां हैं, जो शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बिना कार्बन डेटिंग जांच कर सकती हैं। जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ हफ्ते का समय मांगा।

### मुकदमों के स्थानांतरण के लिए पूर्व मंत्री आजम खां ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार

**प्रयागराज।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां रामपुर की जिला अदालतों में चल रहे उनके मुकदमों की सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि उन्हें रामपुर की विशेष न्यायालय में न्याय की उम्मीद नहीं है। लिहाजा, उनके छह केसों की सुनवाई रामपुर की बजाय दूसरे जिले में स्थानांतरित कर सुनवाई की जाए। कोर्ट ने सुनवाई केबाद जिला जज रामपुर से रिपोर्ट मांगी है और सुनवाई के लिए छह फरवरी की तिथि तय की है। आजम खान व दो अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की पीठ सुनवाई कर रही थी।आजम खान की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट केवरिष्ठ्द अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। उन्होंने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट में सही तरीके से सुनवाई नहीं चल रही है। कई तरह की विसंगतियां हैं। उन्होंने अब्दुल्ला आजम खान के जन्म प्रमाण पत्र के मामले का हवाला दिया। कहा कि जांच अधिकारी से कोई बयान नहीं लिया गया। जबकि, आरोप पत्र में यह दिखाया गया कि बयान लिया गया है। आजम खान की तरफ से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ्द अधिवक्ता विवेक तन्खा ने भी अपनी बहस में यही बात दोहराई। जबकि, सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता एमसी चतुवेर्दी और संजय सिंह की ओर से तर्क दिया गया कि जांच में जन्म प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है। याची इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी जा चुका है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है।

# प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** बीआरसी कौड़िहार में प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निपुण विद्यालय विकास योजना पर चर्चा के उपरांत विद्यालयों में निपुण बच्चों की संख्या की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट 5 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया गया। एवं शत प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालय कंपोजिट स्कूल मधेशा के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद को उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मधेशा के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद ने विकासखंड कौड़िहार में सर्वप्रथम निपुण लक्ष्य प्राप्त होने की घोषणा कर दी है। उन्होंने अवगत कराया कि उनके विद्यालय के कक्षा 1, 2 व 3 के सभी बच्चे निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। एवं उन्होंने इसका श्रेय अपनी अध्यापिकाओं ललिता वर्मा, सुमन व नीतू वर्मा को दिया। इसके अतिरिक्त 80% या उससे अधिक लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय करीमुद्दीनपुर, प्राथमिक विद्यालय सराय राह कोरारी, प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर खंदरौली एवं प्राथमिक विद्यालय मीरजहांपुर हैं। समीक्षा बैठक के दौरान ए आर पी जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु मिश्रा, अजमल अमीन अंसारी, राधेकृष्ण, राजेश शुक्ला ,अविनाश कुमार, अनीता सोनकर, गरिमा मेहरोत्रा, कंचन सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

### रायबरेली ने जीता टूनार्मेण्ट का उदघाटन मैच, क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक के पिंजरी गांव में गुरूवार को अर्न्तजनपदीय क्रिकेट टूनार्मेण्ट का रोमांचक शुभारंभ हुआ। जिले समेत पडोसी जिले अमेठी, गौरीगंज तथा रायबरेली के सलोन आदि की टीमो के बीच खेले जा रहे मैच में रायबरेली टीम तथा जायस टीम के बीच उदघाटन मैच हुआ। उदघाटन मैच में विजेता का खिताब रायबरेली की टीम ने एकतरफा मुकाबले में अपने नाम कर लिया। रायबरेली की टीम ने बारह ओवर के मैच में एक सौ तीस रन बनाए। वहीं जायस की टीम सत्तर रनों पर ही ऑलआउट होकर मैच गंवा बैठी। मैच का शुभारंभ जिपंस के प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी ने खिलाडियो का परिचय प्राप्त कर किया। उन्होनें कहा कि खेल के जरिए हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को मजबूती मिला करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने किया। टूनार्मेण्ट के संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मैच को देखने के लिए बडी संख्या मे खेल मैदान पर युवाओं व ग्रामीणों को दर्शक दीर्घा मे उत्साहित देखा गया। इस मौके पर प्रधान मुन्ना सिंह, प्रधान लव सिंह, प्रधान अनवारूल, गोविंद मिश्र, सैफ खॉन, शेर मोहम्मद आदि रहे।

# पांच वर्षों के कार्यकाल के विकास कार्यों की बुकलेट का किया विमोचन

## मेरे कार्यकाल की पहली बैठक में पास हुआ था सीमा विस्तार का प्रस्ताव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल का ब्योरा का एक बुकलेट का विमोचन पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील व सभासद ज्ञानेष मिश्र व धर्मषील की उपस्थिति में करते हुए एक पत्रकारवार्ता में बताया कि बोर्ड की पहली बैठक में नगर पालिका की सीमा विस्तार का प्रस्ताव पास कर इसे स्वीकृत कराया था जिसके कारण प्रदेष की अनेक योजनाओं का लाभ मिलने लगा।

उन्होंने कहा कि इन पांच वर्षों में कोविड-19 जैसी वैष्विक महामारी के दौरान नगर पालिका द्वारा उत्कृष्ट सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत करने के लिये नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। अध्यक्षा ने पत्रकारों



विकास कार्यों की बुकलेट का विमोचन करतीं नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

को बताया कि नगर पालिका द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिये महुली में एमआर सेंटर, गोवंष संरक्षण के लिये रंजीतपुर चिलबिला में आदर्श गौशाला तथा नगर पालिका सीमा स्थित जलाषयों व पोखरों का सौन्दर्यीकरण व महापुरुषों की प्रतिमाओं में छतरी, कम्पनी गार्डेन में वाटर टावर, ऐतिहासिक घंटाघर का सौन्दर्यीकरण कर घड़ियों का अधिष्ठापन, नगर के प्रमुख मार्गों का अलंकृत विद्युत खंभों की स्थापना, योगा सेंटर का निर्माण तथा कम्पनी गार्डेन व अटल पार्क में जिम की व्यवस्था का कार्य किया। शहर में 12.78 किमी इंटरलाकिंग व प्वेर ब्लाक सड़कों का निर्माण कराया।

शहर की बाधित जलोत्सर्ग योजना को पूर्ण करने के लिये प्रदेष के मुख्यमंत्री से मिलकर धन आवंटन कराया जिससे पहले चरण का जलोत्सर्ग योजना इसी माह पूर्ण होने वाली है। इसके अलावा सड़क, नाली, नाला, पेजयल व प्रकाष व्यवस्था हेतु एक विस्तृत परियोजना सात करोड़ की तैयार कर शासन से स्वीकृत कराया जिसमें 15 कार्यों का धन भी आवंटित हो चुका है। इतना कार्य पर भी अभी यह नहीं कहा जा सकता कि सभी कार्य पूर्ण हो गये हैं, अभी बहुत कार्य करना बाकी है। खास तौर पर विस्तारित क्षेत्रों में समस्याओं का अभी भी अम्बार है। उन्होंने कहा कि मुझे शहरवासियों पर विष्वास है, मैंने सभी वर्गों के क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किया है। अध्यक्षा ने नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील व सभी सभासदों का सहयोग के प्रति आभार जताया तथा तथा कहा कि पूर्व अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के अनुभवों का मुझे पूरा लाभ मिला। उनके प्रति भी अध्यक्षा ने आभार जताया।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## बेल्हा देवी मंदिर के विकास के लिये 3.30 करोड़ का बजट स्वीकृत

### मुख्यमंत्री से सदर विधायक ने की मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने बुधवार की शाम सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री द्वारा मां बेल्हा देवी कारी डोर के विकास के लिए 3.30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करने के लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदर विधायक के बेटे आशीष मौर्य पिंटू को भी आशीर्वाद दिया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने सदर के विकास में प्रदेश सरकार द्वारा मिल रहे सहयोग के प्रति आभार जताया। बता दें कि बेल्हा देवी मंदिर तट पर सुंदरीकरण एवं विकास के लिए 3.30 करोड़ का बजट शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है, जिसका जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा। इसी को लेकर सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करके उन्होंने सदर की जनता की ओर से धन्यवाद दिया और कई योजनाओं को पूर्ण करने में मदद की भी फरियाद की। मुख्यमंत्री ने सदर विधायक की बात सुनी, जिसमें सदर में एटीएल के विकास, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, महिला डिग्री कालेज, स्टेडियम सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भी चर्चा की।

# सीमा सिंह परमार फिर बनी स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 की ब्रांड एंबेसडर

### नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा हुआ पुनः चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए ब्रांड एंबेसडर सीमा सिंह परमार का पुनः चयन किया गया है जो कि एक सामाजिक कार्यकर्ता है। इससे पहले स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की भी ब्रांड एंबेसडर रही हैं।

ब्रांड एंबेसडर के चयन होने पर श्रीमती सीमा सिंह परमार द्वारा खुशी जाहिर की गई है और इसके लिए नगर पालिका परिषद की



सीमा सिंह परमार।

अध्यक्ष महोदया को विशेष रूप से धन्यवाद किया गया तथा अधिशासी अधिकारी महोदय का आभार प्रकट किया गया। और उनके द्वारा ये भी कहा गया कि जो भी जिम्मेदारी मिली हुई है उनका पूर्ण रूप से निर्वहन करुँगी। साथ ही उन्होंने सभी सम्मानित नगर वासियो से ये अपील भी की है कि आप सभी के सहयोग से हम पूरे प्रतापगढ़ को स्वच्छ और सुंदर प्रतापगढ़ बना सकते है। उन्होंने ये भी अपील की है कि लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे और कूड़ा बाहर न फेके साथ ही प्लास्टिक का उपयोग भी न करे , जो कि हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करता है। और स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सभी सम्मानित नगर वासियो से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है। स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण सिंह , डी सी आशीष मिश्रा, सफाई प्रभारी श्री प्रशांत सिंह द्वारा सीमा सिंह परमार को पुनः ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर बधाई दी।

### तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिशन हुई मारपीट मे पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ गुरूवार को मारपीट तथा धमकी व तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वृन्दा शुक्ल का पुरवा ढिगौसी निवासी तीर्थराज के पुत्र बृजेश कुमार शुक्ल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि अठारह जनवरी को रंजिशन गांव के उमाकांत शुक्ल पुत्र रामकृपाल तथा आशीष पुत्र उमाकांत व नीलम पत्नी उमाकांत ने दरवाजे पर आकर लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियो ने गाली देते हुए उसका टिन शेड तोड दिया। शोर मचने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उमाकांत समेत तीन के खिलाफ मारपीट तथा धमकी आदि का केस दर्ज किया है।

# ई-फाइलिंग नियमों की जानकारी के लिये कार्यशाला का हुआ आयोजन

## आयकर अधिकारी ने समस्त विभागों का कराया अवगत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्त्रोत पर आयकर कटौती व ई-फाइलिंग से सम्बन्धित नियमों की जानकारी दिये जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारी तथा उनके प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यशाला को आयकर अधिकारी (टी0डी0एस0) सुल्तानपुर सुनील कुमार श्रीवास्तव तथा बृज मोहन दूबे आयकर अधिकारी ने सम्बोधित कर स्त्रोत पर आयकर कटौती व ई-फाइलिंग के सम्बन्ध में समस्त विभागों को



कार्यशाला में बोलते आयकर अधिकारी।

अवगत कराया। आयकर अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्त्रोत पर आयकर कटौती करने के उपरान्त यदि विभाग द्वारा समय पर ई-फाइलिंग का कार्य नही किया जाता है तो उक्त कर कटौती की धनराशि आयकर विभाग के खाते में न जाकर सस्पेन्स एकाउन्ट में जमा हो जाता है। इन त्रुटियों को संशोधित तथा ई-फाइलिंग के नियमों की जानकारी दिये जाने हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के आहरण वितरण अधिकारी द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान में कर कटौती तथा विभागों को किये जाने वाले आपूर्ति पर आयकर कटौती के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी जिसका निस्तारण आयकर अधिकारी (टी0डी0एस0) सुल्तानपुर द्वारा आयकर अधिनियम के अन्तर्गत किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू, वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) रमेश सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम, जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भण्डारे मे टल्ली आरोपियों ने किया हंगामा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थानान्तर्गत राजापुर बाजार में चल रही श्रीराम कथा का बीते बुधवार को समापन हुआ। इसके बाद यहां भण्डारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले भण्डारे के बाद यहां रात करीब साढ़े आठ बजे पहुंचे तीन शराबियों ने हंगामा खडा कर दिया। आरोप है कि तीनो आरोपी कथाव्यास से भी भिड़ गये थे। अयोध्या से पधारे कथाव्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री गर्ग से उलझे देख आयोजन समिति के लोग वहां आ पहुंच और किसी तरह मामला शांत कराया। कथाव्यास के यह बताने पर कि आरोपीगण उनसे चढ़ावे का पैसा छीन रहे थे इस पर लोग आक्रोशित हो उठे और आरोपियो को पकड लिया। किसी तरह लोगों के चंगुल से दो आरोपी भाग निकलने मे कामयाब रहे। वहीं एक आरोपी को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले मे कथा आयोजन समिति के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी। एसओ विजय सत्यार्थी का कहना है कि मामले मे दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। बाजवूद इसके एहतियातन तीन आरोपियो का शांति भंग मे चालान किया गया है।

## 40 लाख की लागत से बनेगा बस अड्डा का नया भवन

### अब सुधरेगा रोडबेज बस अड्डा का दिन

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** काफी अरसे से अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा स्थानीय रोडबेज बस अड्डा का दिन अब बदलने जा रहा है। कौशाम्बी सांसद,संसदीय आचार समिति के सभापति, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप के प्रभारी विनोद सोनकर ने रोडबेज बस अड्डा के निर्माण को लेकर 15 मार्च 2020 को प्रदेश सरकार के मंत्री को पत्र लिखा था।

सांसद के प्रयास से प्रदेश सरकार ने 40 लाख रुपए भेज दिया था। परिवहन विभाग के द्वारा टेंडर प्रक्रिया के बाद कार्य प्रारम्भ हो गया। अब दो कमरा के साथ बरामदा बनाने के साथ परिसर की जमीन ऊंची की जायेगी। जिससे परिसर में बरसात का पानी न भरे। नाली का निर्माण एवम् बाउंड्री बनाई जायेगी। साथ ही एक इंडिया मार्का हैंडपंप लगाया जाएगा। बता दें कि काफी अरसे से स्थानीय लोगों की मांग थी कि रोडबेज बस अड्डा के जर्जर भवन को बनवाने की। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से कुंडा में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में काफी अरसे से अपनी बदहाली पर आसू बहा रहे रोडबेज बस अड्डा का कार्य प्रारम्भ हुआ है।

## घरेलू कलह के चलते वृद्धा ने कुएं मे लगाई छलांग, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घरेलू कलह के चलते वृद्धा ने कुंए मे कूदकर जान दे दी। लालगंज कोतवाली के पूरे जोधा निवासी दुर्गा प्रसाद की पत्नी सूरसती 60 ने बुधवार की देर रात गांव के समीप एक कुएं मे छलांग लगा बैठी। सूरसती की कुंए मे गिरकर मौत हो गयी। गुरूवार की सुबह उसके बेटे खोजबीन करने लगे तो कुएं मे मां का उतराया शव देख आवाक रह गये।

सूरसती के पति दुर्गा प्रसाद की कई वर्ष पूर्व ही मौत हो चुकी है। मृतका के बेटो किशन लाल तथा छोटई ने उसका शव कुएं से निकाला। सुबह करीब नौ बजे दोनों बेटे मां का शव अंत्येष्टि के लिए घर से लेकर निकल गये। सूत्रों के मुताबिक सूरसती ने पारिवारिक कलह के चलते कुएं मे छलांग लगा दी। जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची किंतु तब तक मृतका का शव लेकर उसके बेटे घर से निकल चुके थे। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि घटना की जानकारी होने पर सिपाही मौके पर गये थे, घटना के बाबत तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे संपत्ति का वारंटी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रेलवे संपत्ति की चोरी के आरोप में फरार चल रहे वारंटी अपराधी नसीर को रेलवे सुरक्षा बल ने गुरुवार को जोगापुर काशीराम कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर के अनुसार नसीर 2006 से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ रेलवे एक्ट थ्री आरपी यूपी एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ हैं। जमानत पर बाहर आया था। कोर्ट में पेशी पर नहीं जा रहा था। अदालत से उसके खिलाफ वारंट था। खास बात यह है कि नसीर के तीन पते रानीगंज, जैन गली और काशीराम कालोनी था। इस चक्कर में आरपीएफ घनचक्कर बनी थी।



सखियों को प्रमाण पत्र देंती पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

## समूह सखियों को प्रशिक्षण समापन पर दिया गया प्रमाणपत्र

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान कालाकांकर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कौशाम्बी जनपद के मॉड्यूल-1 का चल रहे 16 जनवरी से 19 जनवरी तक चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के समापन पर समूह की सभी 33 प्रशिक्षण कर रही सखियों को पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह व ट्रेनिग सेंटर के आचार्य अनूप कुमार ने प्रमाण पत्र वितरण किया। इस दौरान प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी शिव कुमार, सत प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, विमला शर्मा डीआरपीझांसी, कुँवर मनीष सिंह ग्राम प्रधान कालाकांकर, डॉ घनश्याम यादव राजभवन मैनेजर, कुँवर अनूप सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

# बहुगुणा पीजी कालेज में एक छात्र का केन्द्राध्यक्ष ने किया रिस्टिकेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयाग बिषम सेमेस्टर परीक्षा चुस्त दुरुस्त ढंग से कराई जा रही है। हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज सेंटर पर एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में एक रिस्टिकेशन प्राचार्य एवं उड़ाका दल की सक्रियता के चलते हुआ।

वर्तमान परीक्षा में कुलपति महोदय द्वारा प्राचार्य हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज को पांच केंद्रों की जिम्मेदारी मिली हुई है, शान्ति जगदीश महाविद्यालय रानीगंज, भागवत दत्त महाविद्यालय लालगंज, राजकली रमाशंकर महाविद्यालय धारू पुर, सरस्वती महाविद्यालय लालगंज, बाबू सन्तबक्स सिंह महाविद्यालय लीलापुर आदि सेंटरों की जिम्मेदारी दी गई है, सभी सेंटरों पर प्राचार्य हेमवती नंदन बहुगुणा द्वारा अतिरिक्त केन्द्रव्यवस्थापक नियुक्त किया गया है जिनके निर्देशन में परीक्षा कराई जा रही है। बताते चलें कि छह दिन की परीक्षा में सभी सेंटरों को मिलाकर 600 से अधिक छात्रो ने सख्ती के कारण परीक्षा छोड़ दी। प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने शांति जगदीश महाविद्यालय रानीगंज में दो

### सख्ती के कारण नकलचियों के हौसले पस्त



बहुगुणा पीजी कालेज के गेट पर चेकिंग करते शिक्षकगण।

रिस्टिकेशन किया।इस समय सभी सेंटरों पर नकलचियों के ऊपर हवाइयाँ उड़ रही है, कुलपति की सक्रियता के चलते ऐसा लग रहा है कि नकल पूरे विश्विद्यालय से समाप्त हो जाएगी।जिले में नकल रोकने के लिए प्राचार्यो का सहयोग कुलपति को देना सराहनीय कदम है। हेमवती नंदन बहुगुणा प्रथम पाली की परीक्षा में कुल छात्रो की संख्या 121 है जिसमें 107 उपस्थित व 13 अनुपस्थित रहे। इसी तरह भागवत दत्त महाविद्यालय लालगंज 164 छात्र उपस्थित हुए तथा 24 छात्र अनुपस्थित रहे। हेमवती नंदन बहुगुणा-द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल छात्रो की संख्या 179 है जिसमें 177 उपस्थित व 2 अनुपस्थित रहे। भागवत दत्त महाविद्यालय लालगंज में 311 छात्र उपस्थित हुए जिसमें 26 छात्र अनुपस्थित रहे। सभी सेंटरों पर शांति पूर्ण परीक्षा चल रही है। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

## एमडीपीजी कालेज में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई परीक्षाएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं एमडी पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी के अलावा महाविद्यालय के आंतरिक सचल द्वारा छात्र-छात्राओं की परीक्षा कक्षां में भी तलाशी ली जा रही है। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रथम पाली में 471 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 437 उपस्थित एवं 34 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 452 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 449 उपस्थित एवं 3 अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान एवं बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं हुईं जबकि द्वितीय पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की परीक्षा हुई। महाविद्यालय के प्रो ए के श्रीवास्तव, प्रो अरुण कुमार तिवारी, डॉ सी एन पांडे, डॉअभिषेक सिंह, डॉ बलराज मिश्र,डॉ राजेंद्र कुमार मिश्र आदि लगातार परीक्षाओं की निगरानी करते रहे। उधर विधान परिषद की स्नातक एवं शिक्षक खण्ड निर्वाचन - 2023को दृष्टिगत रखते हुए प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की 30 जनवरी को होने वाली परीक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा स्थगित कर दी गई हैं। यह जानकारी देते हुए एम डी पी जी के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि अब ये परीक्षाएं 10 फरवरी को पूर्व निर्धारित समय एवं पाली में होंगी।

अखंड भारत संदेश



## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री का जनपद भ्रमण आज

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 20 जनवरी 2023 को अपरान्ह 01:30 बजे हेलीपैड-बाबू सिंह डिग्री कॉलेज, सयारा पहुँचेंगे उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 1:45 बजे ग्राम पंचायत कादीपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात वे ग्राम पंचायत शमसाबाद में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंगे इसके बाद उप मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत मकदूमपुर काजी में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंने के पश्चात सायं 4:10 बजे हेलीपैड-बाबू सिंह डिग्री कॉलेज, सयारा से जनपद प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 05 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से तीन थाना महेवाघाट से एक थाना कड़ाधाम से एक कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# ग्राम चौपाल की तैयारियों का निरीक्षण कर डीएम एसपी ने लिया जायजा

## ग्राम पंचायत कादीपुर, शमसाबाद एवं मकदूमपुर काजी में आयोजित होगी चौपाल

अखंड भारत संदेश



ग्राम चौपाल का जायजा लेते डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत कादीपुर, शमसाबाद एवं मकदूमपुर काजी में 20 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत शमसाबाद के निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर के निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए पाथवे बनाने तथा आस-पास के तालाबों का भी सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ग्राम पंचायत कादीपुर के निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा डीसी मनरेगा को श्रमिकों की संख्या और अधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, जिससे निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण हों सकें ज्ञातब्य है कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 20 जनवरी 2023 को ग्राम पंचायत, कादीपुर, शमसाबाद एवं मकदूमपुर काजी में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंगे निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।





कार्यक्रम का अवलोकन करते मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

# बैरमपुर (सीएलएफ) की समूह की महिलाओं के समृद्धि की ओर बढ़ते कदम...

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विकासखंड सरसावां के ग्राम पंचायत बैरमपुर में 19 जनवरी को संघर्ष महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति (CLF) का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ` जिसमें मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी, खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, एडीओ आईएसबी सतीश कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान अखिलेश यादव, ठफ्छट से बीएमएम रमेश कुमार सिंह विनोद कुमार मिश्रा सुशील कुमार गुप्ता सुमित कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी राजीव कुमार पाल, जनपद फतेहपुर से आई हुई सीनियर आईसीआरपी श्रीमती कांति देवी व श्रीमती मिथिलेश देवी एवं समस्त ग्राम संगठन और समूह के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में संघर्ष महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ का उद्घाटन हर्षउल्लास के साथ किया गयो उछत्रृ में ग्रामपंचायत बैरमपुर, पलरा, सेंगरहा, हटवा, चान्देराई बरुवा आदि से समूह की महिलाएं ने अपनी सहभागिता की` उऊड सर द्वारा समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से आर्थिक एवं सामाजिक रूप से लाभान्वित होने सन्देश दिया गयो उछत्रृ के पदाधिकारी अध्यक्ष-श्रीमति प्रमिला सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती राधा देवी सचिव श्रीमती राजकुमारी उपसचिव श्रीमती रानी देवी कोषाध्यक्ष अल्पना देवी को चयनित किया गया है अब उछत्रृके माध्यम से समूह की दीदियाँ आजीविका संवर्धन का सतत कार्य करेंगी।

# चायल तहसील क्षेत्र की बंजर भूमि पर माफियाओ का कब्जा

## योगी बाबा कहते हैं चलेगा माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर तहसील प्रशासन बना उदासीन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के मामले में चायल तहसील प्रशासन उदासीन बना हुआ है एक तरफ योगी बाबा कहते हैं कि भू माफियाओं के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलेगा लेकिन तहसील प्रशासन योगी बाबा के राह में रोड़ा बन रहा है जिससे भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं कहने के लिए तो पूर्व में कब्जा हटा दिया गया था लेकिन मौके से कब्जा नहीं हटा है जिससे माफियाओं के आगे तहसील प्रशासन किस हद तक नतमस्तक है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। बताते चलें कि चायल तहसील क्षेत्र के समसपुर ग्राम पंचायत के मजरा कृष्णा डोली में सरकारी आराजी बंजर भूमि संख्या 253 254 में श्यामलाल के बेटे निरंजन लाल बुधराम अशफीर्लाल श्रीराम और पोते बलवंत ने गांव की सरकारी भूमि बंजर पर कब्जा कर लिया है मामले की शिकायत पूर्व में भी ग्रामीणों ने अधिकारियों से किया था खानापूर्ति के लिए अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया लेकिन मौके से अतिक्रमण नहीं हटा जिससे तहसील प्रशासन की लीपापोती का अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाला भूमाफिया पशु चिकित्सक फार्मासिस्ट बना हुआ है फार्मासिस्ट से चिकित्सक बना यह भूमाफिया इन दिनों इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है लेकिन तहसील प्रशासन फिर भी मेहरबान है सरकारी बंजर जमीन को कब्जा कर फार्मासिस्ट से डॉक्टर बने इस भूमाफिया ने सरकारी जमीन पर पक्का घर बना लिया है और पक्के भवन के निर्माण तक तहसील प्रशासन मूकदर्शक बनकर तमाशा देखता रह गया अपना घर बनाने के बाद फार्मासिस्ट से बना चिकित्सक अपने भाइयों का भी दो-दो घर सरकारी जमीन पर बनवा चुका है सरकारी जमीन पर कब्जे का खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है और तहसील प्रशासन ईमानदारी की ढपली बजा रहा है। भू माफिया के सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत कई बार ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की कई बार उपजिलाधिकारी चायल से ग्रामीणों ने शिकायत की लेकिन मामले को कभी गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया है अगर मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हैं तो योगी बाबा आदित्यनाथ का बुलडोजर सहसपुर गांव के मजरा कृष्णा डोली गांव में भी चल सकता है सरकारी जमीन पर बनी दीवाल को एक बार पूर्व में तहसील प्रशासन ने जेसीबी से गिरा दिया था जिस पर दोबारा भूमाफिया निर्माण करने लगे मामले की शिकायत ग्रामीणों ने फिर से डीएम को दी डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने काम रुकवा दिया है लेकिन सरकारी जमीन पर निर्माण के उद्देश्य से एकत्रित की गई भवन निर्माण सामग्री और अतिक्रमण को अभी तक नहीं हटाया गया है।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी



बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

# सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत मनाई जायेगी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

## 23 जनवरी को जयंती पर सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी के सम्बन्ध में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने बताया कि शासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ही नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती दिनांक 23 जनवरी 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे मानव श्रृंखला बनाये जाने एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाये जाने के निर्देश दिये गये है उन्होंने बताया है कि मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं ब्लाक स्तर पर आयोजित किया जाना है। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं बीडीओ को सम्बन्धित अधिकारीयों के साथ समन्वय कर कार्ययोजना बनाकर मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए मार्ग चिन्हित कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, ऑगनबाडी, आशा, ग्राम प्रधान, पुलिस, माध्यमिक व उच्च शिक्षा के छात्रों तथा आम जनमानस की अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की वीडियोंग्राफी एवं फोटोग्राफी के साथ ही कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के निर्देश दिये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



पुरस्कार देकर खिलाड़ी को सम्मानित करते

### रोही क्रिकेट टूनार्मेंट के पांचवें लीग मैच में सल्लाहपुर की टीम 52 रनो से दर्ज की जीत

**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका भरवारी के रोही में आयोजित अहमद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के पांचवें लीग मैच में पूजा स्पोर्टिंग क्लब कौशांबी का मैच रॉयल इलेवन सलाहपुर के बीच खेला गया, जिसमे पूजा स्पोर्टिंग क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, सलाहपुर की टीम निर्धारित 12 ओवर में अब तक के मैच का सर्वाधिक 152 का विशाल काय स्कोर खड़ा किया ,5 विकेट के नुकसान पर इसमें रेहान ने 39 रन वह ठाकुर ने अपने टीम के लिए 38 रन नाबाद रहते हुए बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पूजा स्पोर्टिंग क्लब निर्धारित 12 ओवरों में 100 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई पूजा स्पोर्टिंग क्लब की तरफ से रामधनी ने 20 रन बनाए वह कप्तान सत्येन्द्र ने 16 रन की पारी खेली सल्लाहपुर के अनिल ने चार विकेट लिए अंगद ने तीन विकेट रेहान ने 39 रन बनाने व 1 विकेट लेने पर ऑफ द मैच चुना गया।

# किसानों की समस्यायों को लेकर सकिपा ने चायल तहसील का किया घेराव व प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

## अजय सोनी ने कहा कि नहर की पटरियों के कटाव से किसानो की फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए

अखंड भारत संदेश



ज्ञापन सौंपते समर्थ किसान पार्टी नेता अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वाधान मे गुरुवार को किसान नेता अजय सोनी की अगुवाई में चायल तहसील का घेराव कर प्रदर्शन किया गया और किसानो की तमाम समस्यायों को लेकर एक छः सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह को सौंपा गया। इस अवसर पर तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता चायल तहसील में एकजुट हुए और बैठक की।बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता अजय सोनी ने कहा कि आज किसान परेशान है और उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आगे कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सफाई में की गई खानापूर्ति के चलते कई जगहों पर नहरों की पटरियों के कटने से किसानो के खेतों में पानी भर गया है जिससे किसानो का भारी नुकसान हुआ है। किसानो के नुकसान का अजय सोनी ने जिम्मेदारों से मुआवजा मांगा। साथ ही आवारा पशुओं से किसानो की फसलों के हो रहे नुकसान पर आक्रोश जाहिर करते हुए अजय सोनी ने अधिकारियों से किसानो की फसलों को आवारा पशुओं से बचाने की मांग की। इसके बाद तमाम पार्टी कार्यकताओं ने चायल तहसील का घेराव किया और नारेबाजी की' साथ ही नायब तहसीलदार को एक छः सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की सभी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने, किसानो को जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा देने, आवारा पशुओं से किसानो की फसलों को बचाने, समितियों से किसानो को उर्वरक की आपूर्ति करने, नकली उर्वरक बेचने वालों पर कार्यवाही करने, क्षेत्र के बिगड़े राजकीय नलकूपों को बनवाने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, मनोज सोनी, सुरजीत वर्मा, परिहार सिंह लोधी, वसीम अहमद, छोटू सोनकर, शफीक अहमद, अशोक सोनी आदि मौजूद रहे।

### प्रत्येक विकास खण्ड के 03 ग्राम पंचायतों में 20 जनवरी को होगा ग्राम चौपाल का आयोजन

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने बताया कि शासन द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण एवं पारदर्शिता को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड के 03 ग्राम पंचायतो में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल गॉव की समस्या, गॉव में समाधान का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आगामी दिनांक 20 जनवरी को विकास खण्ड चायल के ग्राम पंचायत-मोहम्मदपुर, पहाड़पुर सुधवर एवं करसेंदा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेंगा। इसी प्रकार विकास खण्ड नेवादा के ग्राम पंचायत-चित्तापुर, भूपतपुर व बरेठी आमदपुर, विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत-गौसपुर, अमनी लोकीपुर व मकदूमपुर काजी, विकास खण्ड सरसवॉ के ग्राम पंचायत-दानपुर, अमीना व हिनौता, विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम पंचायत-गुलामीपुर, देवरा व भैला मकदूमपुर, विकास खण्ड कौशाम्बी के ग्राम पंचायत-बारा, गुरौली व गोपसहसा, विकास खण्ड सिराथू के ग्राम पंचायत-फाजिलपुर गोपाल, कैमा व कैनी तथा विकास खण्ड कड़ा के ग्राम पंचायत-कनवार, परास एवं निन्दुरा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेंगा ग्राम चौपाल का आयोजन पूर्वान्ह 11 बजे से चौपाल की समाप्ति तक होगा। सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को ग्राम चौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें गये है तथा ग्राम चौपाल के 05 दिन पूर्व से ही उस ग्राम पंचायत में स्वच्छता साफ-सफाई अभियान जन सहयोग से चलाया जायेंगा एवं जनप्रतिनिधियां को भी आमन्त्रित किया जायेंगा। ग्राम चौपाल की शुरूआत ग्राम पंचायत में कराये गये कार्यों के निरीक्षण से होगी एवं विभिन्न योजनाओं का सत्यापन भी किया जायेंगा तथा आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक एवं आर्गेनिक खेती, हर-घर-नल व सुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयां पर चर्चा की जायेंगी। ग्राम चौपाल के आयोजन के एक माह बाद चौपाल में प्रतिभाग करने वाले अधिकारी उसी ग्राम पंचायत में जाकर समस्या के निराकरण पर फीडबैक प्राप्त करेंगे। सम्बन्धित लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक भी चौपाल में उपस्थित रहकर चकमार्ग व सार्वजनिक भूमि आदि की पैमाईश का कार्य भी करेंगे।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेजी से करें पूर्ण : डीएम

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अकेडमिक बिल्डिंग के तहत लेक्चर हाल, लाईब्रेरी व आडिटोरियम के निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ ही टाइल्स लगाने के कार्यो का अवलोकन करते हुए फिनीशिंग के कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासनिक भवन, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण कार्यो की प्रगति की निरीक्षण के दौरान कहा कि लेबरों की संख्या और बढ़ायी जाय। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कालेज की विस्तार शाखा की निर्माण कार्यों की प्रगति की निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो को और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी श्री प्रखर उत्तम, सीएमएस दीपक सेठ एवं ई0ओ0 मंझनपुर श्री सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### पीएम कुसुम योजनान्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प के लिए किसान करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक ने कृषक भाइयों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0कुसुम) सोलर पम्प योजनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी को वर्ष 2022-23 में पुनः 3 एचपी एसी/डीसी, 5 एचपी एसी/डीसी, 7.5 एचपी एसी/डीसी एवं 10 एचपी एसी/डीसी सोलर पम्प वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान भाई वेबसाइट ६६६.४स्त्रॅ१.४'-३४११.ल्लू.ल्ल पर अपना पंजीकरण अवश्य करायें तथा सोलर पम्प की बुकिंग जनपद के लक्ष्य की सीमा से 110 प्रतिशत तक ह्लह्लपहले आओ-पहले पाओह्लह्ल के सिद्धान्त पर किया जायेंगा। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि सोलर पम्प बुकिंग करने के लिए किसान भाई दिनांक 21 जनवरी की पूर्वान्ह 11 बजे से लक्ष्य पूर्ण होने तक/दिनांक 06 फरवरी 2023 तक ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### 24 जनवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का होगा आयोजन

**कौशाम्बी।** उपायुक्त उद्योग एस0 सिद्दीकी ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी में उ0प्र0 दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 24 जनवरी 2023 को कलेक्ट्रेट परिसर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें जनपद के निवेशकों के साथ ही साथ प्रदेश/देश के इच्छुक निवेशकों को भी सादर आमंत्रित किया गया है। इस समिट में प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई औद्योगिक निवेश नीति 2022 के अन्तर्गत निवेश करने वाले नव उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेंगी। उन्होंने जनपद के सभी उद्यमियों एवं व्यापारी बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद में औद्योगिक वातावरण का सृजन ज्यादा से ज्यादा हो सके इसके लिये अधिक से अधिक औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करें, ताकि उ0प्र0 सरकार की मंशानुसार नव उद्यमियों को नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के माध्यम से सुविधाएं प्राप्त हो सके।

# फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी को घायल कर बदमाशों ने की लूट

**कौशाम्बी।** जिले में कोखराज थाना क्षेत्र के असवां मोड़ के पास बुधवार की देर रात एक फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी को बदमाशों ने रोककर मार पीट की फिर उसके बैग में रखा बीस हजार रुपए लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी पर भरवारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। घटना कोखराज थान क्षेत्र असवां मोड़ के पास की है जहां बाइक सवार बदामशों ने एक बाइक एजेन्सी में फाइनेंस का काम देख रहे कर्मचारी हमीद अहमद पुत्र अनीस अहमद निवासी महगांव को रोककर मारपीट की और उसे घायल कर उससे लूट की है। पीड़ित के अनुसार वह बाइक एजेन्सी से काम निपटाकर महगांव अपने घर जा रहा था ,जैसे ही वह असवां मोड़ के पास पहुंचा तो परसरा के एक ब्यक्ति ने अपने साथियों के साथ उसके साथ मारपीट की और बैग में रखा बीस हजार रुपए की लूट कर ली। सूचना पर भरवारी चौकी पुलिस पहुंची और घायल का इलाज कराकर जांच पड़ताल में जुट गई है ।वही चौकी प्रभारी भरवारी सियाकांत चौरसिया का कहना है कि घटना मारपीट की है। लूट की बात पीड़ित के अनुसार जो बताई जा रही है वह संदिग्ध लग रही है फिलहाल पीड़ित ने नामजद तहरीर दी है ।घटना की जांच की जा रही है ।जांच के बाद जो भी सच्चाई होगी उसके आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

### तीन ओवरलोड वाहनों को किया गया सीज

**कौशाम्बी।** जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे एआरटीओ नायाब तहसीलदार सिराथू खनन अधिकारी एवं थाना सैनी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान उपखनिज का अवैध परिवहन करने पर ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 03 ट्रकों वढ33ळ6166 (10 चक्का) मात्रा से अधिक मोरम बालू का लदा हुआ वढ33अळ7331 (12 चक्का) मात्रा से अधिक मोरम / बालू का लदा हुआ वढ33इळ1347 (14 चक्का) मात्रा से अधिक डस्टस्टोन लदा हुआ पाये जाने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### 23 जनवरी को आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**कौशाम्बी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के छठवें संस्करण के अन्तर्गत इक्जाम वैरियर्स परीक्षा योध्दा की थीम पर दिनांक 23 जनवरी 2023 को जनपद कौशाम्बी के श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओसा मंझनपुर में प्रातः 10:00 बजे से आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इस कार्यक्रम में पूरे जनपद के सभी माध्यमिक सवित्त वित्तविहीन एवं राजकीय इण्टर कालेजों से आग्रह किया गया है कि अपने-अपने विद्यालय से 10-10 छात्र/ छात्राओं को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करायें। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार एवं 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों व 25 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा शेष सभी प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया कार्यक्रम में सांसद विनोद सोनकर उपस्थित रहेंगे।

संपादकीय

# केंद्र-राज्य सरकार के बीच पिसती जनता

**संघवाद** सरकार की एक प्रणाली है जिसमें शक्तियों को केंद्र और उसके घटक भागों जैसे राज्यों या प्रांतों के बीच विभाजित किया गया है। यह राजनीति के दो सेटों को समायोजित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र है, कई बार यह विवाद की ओर ले जाता है जिसके कारण आम आदमी पीड़ित होता है। कल्याण नीतियों, योजनाओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत की केंद्र सरकार की पहल को कुछ राज्यों द्वारा बाधित किया गया था, उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल ने योजना में शामिल होने से इंकार कर दिया, जिससे कई लाभार्थी सेवाओं से बाहर हो गए। एक दशक से देश की सियासत में एक तरह की राजनीति कुछ अलग ही तरीके से चल पड़ी है, जिसके चलते छोटे-छोटे मामलों पर बड़े-बड़े पदों पर बैठे लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। केंद्र से अलग पार्टी की सरकार वाले राज्यों के पास अक्सर इस बात का रोना रहता है कि फलाँ-फलाँ काम यहाँ अटका पड़ा है। क्योंकि केंद्र में अलग पार्टी की सरकार है। इसलिए काम की फाइल अटकना तो बहाना है, उसके पीछे की सियासत कुछ और ही है। नई शिक्षा नीति में केंद्र सरकार देशभर में शिक्षा के समान मानक चाहती है ताकि देश भर में शिक्षा की पहुंच और समानता सुनिश्चित की जा सके, कुछ राज्यों द्वारा इसका विरोध किया गया था, यह आम आदमी को समग्र शिक्षा के नुकसान को प्रभावित करता है। कृषि विपणन क्षेत्र में हालिया कृषि अधिनियम जो किसानों को अपनी उपज कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के बाहर बेचने की अनुमति देते हैं और अंतर-राज्य व्यापार को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखते हैं। मॉडल एपीएमसी अधिनियम को अपनाने के लिए राज्य की अनिच्छा के साथ-साथ एकीकृत कृषि बाजार की कमी और ई-एनएएम प्लेटफॉर्म में शामिल होने के उत्साह की कमी ने 2022 तक किसान की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र की क्षमताओं को सीमित कर दिया है। आधार आधारित योजनाएं देखे तो पश्चिम बंगाल सरकार का मामला 2017 में संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत 'आधार अधिनियम' की वैधता को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। इन गतिविधियों ने आधार पर आधारित विकास योजनाओं का गला घोंट दिया। महामारी नीति के दौरान राष्ट्रीय लॉकडाउन की प्रभावकारिता में राज्यों और केंद्र द्वारा आरोप और प्रत्यारोप लगाए गए हैंकऑक्सीजन और अस्पताल के बुनियादी ढांचे के लिए जवाबदेह होना चाहिए, यह समग्र रूप से लोगों के कल्याण को प्रभावित करता है। मौजूदा समय में गैर-भाजपा शासित राज्यों में इस बात को लेकर एकता पर बल दिया जा रहा है कि उनके राज्य में राज्यपाल के मार्फत केंद्र सरकार हस्तक्षेप कर रही है। राज्य सरकार के काम में बाधा डाल रही है। केंद्र सरकार ही राज्यपाल के माध्यम से अपने लोगों को राज्य में बड़े पदों पर नियुक्ति करा रही है। यही वजह है कि राज्य सरकारों को काम करने बाधा आ रही है। महामारी की प्रारंभिक चुनौतियों के बाद, केंद्र सरकार ने राज्यों को उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने, स्थानीय लॉकडाउन के प्रबंधन और महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए पर्याप्त स्थान और स्वायत्तता प्रदान की। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, तेलंगाना और ओडिशा जो राज्यों में बेहतर पात्रता-आधारित स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत कार्यक्रम से बाहर रह रहे थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तमिलनाडु सरकार द्वारा सामाजिक न्याय, संघवाद, बहुलवाद और समानता के खिलाफ नीति के रूप में देखा गया था। कुछ विपक्षी शासित राज्य सरकार किसानों के अनुसार कानून बड़े निगमों के लिए तैयार किया गया था जो भारतीय खाद्य और कृषि व्यवसाय पर हावी होना चाहते हैं और किसानों की बातचीत शक्ति को कमजोर कर देंगे। अंतर-राज्य न्यायाधिकरण, नीति और अन्य अनौपचारिक निकायों ने ऐसी स्थितियों में केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीच परामर्श के माध्यम के रूप में कार्य किया है। ये निकाय संघ और राज्यों के बीच सहयोग की भावना को बनाए रखते हुए विचार-विमर्श के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से कठिन मुद्दों से निपटने में सहायक रहे हैं। राजनीतिक रूप से प्रेरित झगड़ों को छोड़ देना चाहिए और संस्थानों द्वारा दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

इसके बजाय, उन्हें राजनीतिक क्षेत्र के भीतर हल करने के लिए दृढ़ प्रयास किए जाने चाहिए। केंद्रीय कानूनों के कार्यान्वयन की अवहेलना करते हुए राज्यों को खुद को संयमित रखना चाहिए, यदि ऐसा किया जाता है तो इससे संवैधानिक तंत्र चरमरा सकता है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र और राज्य में अलग अलग पार्टी की सरकार होने के मायने विकास में असंतुलन और प्रचार की रस्साकसी है इनके बीच खड़ा वोटर यानि की आम आदमी केंद्रीय और राज्य के संघीय ढांचे में काम के बटवारे से होने वाले नुकसान का भुगतभोगी है।

सरकार प्रचार की प्रतिद्वन्धितता में फसी है और जिन्हे इनके बीच रहना और काम करना है उनसे पुछा भी नहीं जाता की तुम्हे क्या ठीक लगता है ये लोकतंत्र है। एक बार वोट देने के बाद पांच साल तक मनमानी का लाइसेंस देने से ज्यादा कुछ नहीं है वर्तमान का लोकतंत्रे अन्ना आंदोलन में उठी आवाज राइट तो रिकॉल शायद कहीं खो गयी।

# बढ़ती आर्थिक असमानता पर मंथन हो

ललित गर्ग

**वैश्विक संस्था** ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति देते हुए इसे घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन रहा है। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। ऑक्सफैम ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास अब देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। जबकि नीचे की आधी आबादी के पास कुल संपत्ति का केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है। भारत के दस सबसे अमीरों पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने से बच्चों को स्कूल वापस लाने के लिए पूरा पैसा मिल सकता है। केवल एक अरबपति गौतम अडानी पर साल 2017 से 2021 के बीच के लाभ पर टैक्स लगाकर 1.79 लाख करोड़ रुपए जुटाया जा सकता है। जो एक वर्ष के लिए 50 लाख से अधिक भारतीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को रोजगार देने के लिए पर्याप्त है। सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट टाइटल वाली इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अगर भारत के अरबपतियों पर उनकी पूरी संपत्ति पर 2 प्रतिशत की दर से एक बार टैक्स लगाया जाता है, तो यह देश में अगले तीन वर्षों के लिए कुपोषण से पीड़ित बच्चों के पोषण के लिए 40,423 करोड़ रुपए जुटाया जा सकता है। भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण ही नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बनता। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। गौतम अडाणी एवं मुकेश अंबानी के दिन दोगुने रात चौगुने फैलते साम्राज्य पर उंगली उठाई जानी चाहिए, पर कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? इस मामले में राहुल गांधी ने पहली बार अपनी भारत जोड़ो यात्रा में यह मुद्दा उठाकर अपने राजनीतिक कद को तनिक ऊंचाई दी है। उनके कारण कम से कम अमीर और गरीब के बीच बढ़ती हुई खाई का सवाल देश के मानस पटल पर दर्ज हुआ है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है।



ऑक्सफैम के तथ्य चौंकाते ही नहीं है, बल्कि राजनीतिक विसंगतियों एवं विडम्बनाओं की पोल भी खोलते हैं। जिसमें कहा गया है कि देश के 10 सबसे अमीर अरबपतियों पर 5 प्रतिशत का एक बार का टैक्स साल 2022-23 के लिए (1.37 लाख करोड़ रुपए) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के 86,200 करोड़ और आयुष मंत्रालय 3,050 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट से डेढ़ गुना अधिक है। वहीं ऑक्सफैम ने कहा कि भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 2020 में 102 से बढ़कर 2022 में 166 हो गई। कमाई के मामले में लैंगिक असमानता पर रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला वर्कर को एक पुरुष वर्कर द्वारा कमाए गए प्रत्येक 1 रुपए की तुलना में केवल 63 पैसे मिलते हैं। अनुसूचित जातियों और ग्रामीण वर्करों के लिए यह अंतर और भी अधिक है। ऑक्सफैम ने कहा कि रिपोर्ट भारत में असमानता के प्रभाव का पता लगाने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक जानकारी का मिश्रण है। ऑक्सफैम ने यह भी कहा है कि जब से कोरोना महामारी शुरू हुई, तब से नवंबर 2022 तक भारत में अरबपतियों की संपत्ति में वास्तविक रूप से 121 प्रतिशत या 3,608 करोड़ रुपए प्रति दिन की वृद्धि हुई है। भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है।

देश में मानवीय मूल्यों और आर्थिक समानता को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? कहीं शासन-व्यवस्थाएं गरीबी दूर करने का नारा देकर अमीरों को प्रोत्साहन तो नहीं दे रही है? इस तरह की मानसिकता राष्ट्र को कहां ले जाएगी? ये कुछ प्रश्न अमीरी गरीबी की बढ़ती खाई और उसके तथ्यों पर मंथन को जरूरी बनाते हैं। क्या देश एवं दुनिया में गैर बराबरी घट रही है या बढ़ रही है? वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट बताती है कि नब्बे के दशक से लेकर अब तक पूरी दुनिया में गैर बराबरी बढ़ी है।

> भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई और भी तेजी से बढ़ी है। कोविड महामारी का दुनिया में गैर बराबरी पर क्या असर पड़ा, इसके आंकड़े हमें वर्ल्ड बैंक द्वारा 2022 में प्रकाशित रिपोर्ट से मिलते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक महामारी से पूरी दुनिया में गरीब और अमीर के बीच खाई और ज्यादा चौड़ी हो गई

भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई और भी तेजी से बढ़ी है। कोविड महामारी का दुनिया में गैर बराबरी पर क्या असर पड़ा, इसके आंकड़े हमें वर्ल्ड बैंक द्वारा 2022 में प्रकाशित रिपोर्ट से मिलते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक महामारी से पूरी दुनिया में गरीब और अमीर के बीच खाई और ज्यादा चौड़ी हो गई। पूरी दुनिया में कोई 7 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे धकेल दिए गए। इनमें से सबसे बड़ी संख्या भारत से थी जहां इस महामारी के चलते 5 करोड़ से अधिक परिवार गरीबी रेखा से नीचे आ गए। पूंजी का बहाव भारत जैसे देशों की तरफ हो रहा है, जिनकी इकॉनमी कई लोकल और ग्लोबल वजहों से बूम कर रही है। लेकिन इसका लाभ केवल दो-चार लोगों को ही क्यों मिले? रिलायंस, अडानी, इंफोसिस, विप्रो, या दूसरी कंपनियों की कामयाबी भारतीय उद्यमशीलता की कामयाबी भले हो, लेकिन ऐसी हर कामयाबी अपने साथ नाकामियों का हिसाब भी लेकर चलती है, असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है। अब देखते हैं नये बजट में सरकार इन ताजा आंकड़ों पर ध्यान देते हुए भारत की टैक्स-व्यवस्था में

# समाज में गहराती अंधविश्वास की जड़ें

निर्मल रानी

**पूर्व प्रधानमंत्री** लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान ' जैसा लोकप्रिय नारा देश को दिया था उस नारे में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने 'जय विज्ञान' और आगे चलकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जय अनुसंधान' शब्द जोड़कर देश और दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश कि कि भारत वर्ष केवल एक कृषि प्रधान व उच्च सैन्य क्षमता रखने वाला राष्ट्र ही नहीं बल्कि अब यह विज्ञान व अनुसंधान संपन्न देश भी है। इसरो व डी आर डी ओ सहित देश के अनेक वैज्ञानिक व अन्य विभिन्न अनुसंधान केंद्रों से सम्बंधित अनेक संस्थानों ने इसी विज्ञान व अनुसंधान के क्षेत्र में अनेक गौरव पूर्ण कार्य भी किये हैं। परन्तु अफसोस इस बात का है कि इसी समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी तर्कशीलता से दूर रहकर अंधविश्वास के चंगुल में बुरी तरह उलझा हुआ है। केवल अनपढ़ अशिक्षित या गरीब ही नहीं बल्कि स्वयं को पढ़े लिखे व शिक्षित बताने वाले यहाँ तक कि नेता व अधिकारी तक इसी अंधविश्वास का शिकार हैं। और इन्हीं अंधविश्वासी लोगों के बल पर ही पूरे देश में लाखों निठल्ले लोग तरह तरह के झाड़ फूँक ज्योतिष भविष्य राशिफल आदि अनेक तरीकों से अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं। बिल्ली रास्ता काटे तो रुक जाओ,'बुरी नजर' से बचने के लिए नींबू और हरी मिर्च लटकाओ, किसी की शव यात्रा में शामिल होने के बाद स्नान करो, सूर्यास्त के बाद अपने नाखून न काटो,सूर्यास्त के समय झाड़ू न दें, गाय के गोबर से दीवार व फर्श पर लेप करें,घर से बाहर निकलने से पहले दही और चीनी या गुड़ खायें, फलां फलां दिन अपने बाल न धोयें,ग्रहण के समय बाहर न निकलें,फलां दिन यात्रा शुभ तो फलां फलां दिन अशुभ,काली गाय काले कुत्ते से जुड़ी अनेक अतार्किक बातें और आजकल लड़कियों का पैरों में काला धागा बाँधने जैसा पाखण्ड हमारे समाज में अपनी जड़ें बहुत गहरी कर चुका है। और जब इसी तरह के अंधविश्वास इंसान के मस्तिष्क में विश्वास के रूप में स्थापित हो जाते हैं फिर तमाम तरह की अनहोनी घटनायें भी सामने आती हैं। यहाँ तक की हमारे देश में अनेकानेक हादसे ऐसे भी हो चुके हैं कि इन्हीं चक्करों में पड़कर कहीं किसी पूरे परिवार ने आत्म हत्या कर डाली,कहीं किसी ने अपने बच्चे की बलि दे दी तो कहीं अपने उद्धार के लिये दूसरे के बच्चे की बलि ले ली। पिछले दिनों नेताओं व उच्चाधिकारियों के हवाले से राजस्थान के जयपुर जेल में चल रहा एक अंधविश्वासपूर्ण 'तमाशा ' सामने आया। पता यह चला कि प्रदेश के अनेक नेता व अधिकारी जेल सुप्रीटेंडेंट से निवेदन कर जेल का खाना या तो जेल परिसर में ही बैठकर खाते हैं या कई लोग जिन्हें जेल में बैठकर खाते शर्म आती है वे जेल की बनी दाल रोटी सब्जी पैक कराकर घर ले जाकर खाते हैं। ऐसा वे इसलिये करते हैं क्योंकि पंडित या ज्योतिषी ने उन्हें बताया है कि जेल की रोटी पहले से ही खा लेने से उनका 'जेल योग' टल जायेगा। जरा सोचिये कि यह जेल से बचने के उपाय हैं या अच्छा आचरण करना आपराधिक व अनैतिक गतिविधियों से दूर रहना जेल जाने से बचने का वास्तविक एवं स्थाई उपाय है ? परन्तु क्या अधिकारी तो क्या नेता दोनों की ही अक़्ल पर पर्दा पड़ा है जो उन्हें आचरण सुधारने हेतु प्रेरित करने के बजाय जेल जाने से बचने का यह शार्ट कट रास्ता अपनाने के लिये बाध्य करता है। इसी प्रकार पानीपत का एक पुलिस अधिकारी एक चोर की तलाश में मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित पंडोखर में किसी हनुमान भक्त बाबा के पास जा पहुँचा और हनुमान जी से चोर को पकड़वाने में सहायता की गुहार करने लगा। पुलिस एस आई का इस संबंध में बाबा से किया गया रोचक परन्तु पूर्णतयः अवैज्ञानिक वातार्लाप किसी बाबा भक्त ने ही रिकार्ड कर उसे वायरल कर दिया। जिससे यह पता चल सका कि अब पुलिस भी अपने प्रशिक्षित माध्यमों से नहीं बल्कि बाबा,पंडित,ज्योतिष व भगवान के भरोसे अपराधियों की तलाश पर ज्यादा भरोसा रखने लगी है। और इसी अंधविश्वास का पालन पोषण व इसे प्रचारित करने वाले लाखों अनपढ़ व निठल्ले किस्म के लोग समाज में दहशत फैलाकर तथाकथित प्रबुद्धजनों को भी अंध्विश्वास के अपने जाल में फंसा लेते हैं और अपनी रोजी रोटी चलाते हैं। बसों,रेल गाड़ियों के अतिरिक्त अनेक सार्वजनिक स्थलों पर बंगाली बाबा,तांत्रिक,काला जादू,इंद्रजाल आदि कई तरह के भ्रमित करने वाले पोस्टर व पंप्लेट दीवारों पर चिपके दिखाई दे जाते हैं। इन सभी में भ्रामक प्रचार किये जाते हैं। सड़कों के किनारे फुट पाथ पर बैठे लोग कभी किसी का हाथ देखकर तो कभी तोते की चोंच से पहले से ही भविष्य फल लिखा लिफाफा उठवाकर लोगों के भाग्य बताते फिरते हैं। भले ही इन भविष्य वक्ताओं को स्वयं अपने भविष्य के बारे में कुछ पता नहीं होता। हमारे देश के विभिन्न राज्यों में भूत प्रेत,चुड़ैल जैसी प्रथाओं की जड़ें भी इसी अंध्विश्वास में छुपी हुई हैं। आए दिन कोई न कोई व्यक्ति विशेषकर कोई गरीब असहाय महिला गांव के दबंगों के जुल्म का शिकार होकर चुड़ैल या भूतनी घोषित कर दी जाती है। और उसे चुड़ैल या भूतनी बताकर उसकी संपत्ति पर दबंगों का कब्जा हो जाता है। सवाल यह है कि क्या 'जय जवान-जय किसान ' के नारों में जय विज्ञान व जय अनुसंधान शब्द जोड़ देने मात्र से भारत वैज्ञानिक सोच रखने वाला देश कहलाने लगेगा ?या इसके लिये वैज्ञानिक सोच को आत्मसात करना इसका अनुसरण करना व इसी के साथ अंधविश्वासों से मुक्ति पाना भी बेहद जरूरी है ? जब हम विकसित राष्ट्रों को इस तरह के अंधविश्वासों व पाखंडों से मुक्त होकर तरक्की करते देखते हैं उस समय तो हमें भी अंधविश्वासों से मुक्ति पाने की जरुरत तो जरूर महसूस होती है परन्तु जब हमारे देश का रक्षा मंत्री ही किसी नये लड़ाकू विमान के सामने बैठकर पूजा पाठ करता है,उसपर नींबू मिर्च लटकाता है और उसपर सिन्दूर से कुछ विशेष निशान अंकित करता है तो यह संदेह और मजबूत हो जाता है कि जब सरकार में उच्च पदों पर बैठे लोग, नेता ,अधिकारी ही स्वयं को अंधविश्वासों व पाखंडों से मुक्त नहीं कर पा रहे फिर आखिर देश की आम विशेषकर अज्ञानी जनता समाज में गहराती अंधविश्वास की इन जड़ों से कैसे मुक्त हो सकती है ?

# अध्यात्म और साहित्य चिन्तन मनुष्य में संवेदना का संचार करता है

संजीव

**साहित्य** अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है।

# चार लोग क्या कहेंगे

डॉ. सुरेश कुमार

**गुप्ता** जी की बिटिया छब्बीस पार कर चुकी थी। संविधान के हिसाब से वह शादी की उमर से आठ साल आगे चल रही थी। उसे इस बात की कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन समाज में रहने वाले चार लोग इतने समाज सुधारक और जिम्मेदार होते हैं कि अपने घर को चूल्हें पर छोड़कर ऐसी ताका-झांकी करते हैं कि दूसरों के घर को जलने से बचाने में अपना सबसे बड़ा हित समझते हैं। यहीं से पहले कानाफूसी फिर आगे चलकर खुल्लम खुल्ला का ट्रेंड जोर पकड़ लेता है। चार लोगों में एक लड़की की ढलती उम्र पर ऐसे-ऐसे कमेंट करेंगे कि उसकी ढलती उम्र अपने साथ सुनामी ला रहा हो। दूसरे उसके आकार-ऊँचाई-लंबाई के साथ-साथ उसके पहनावे पर भद्दी-भद्दी टिप्पणियाँ करते हुए उसे लाज हया का गीता प्रवचन देंगे। तीसरा उसकी नौकरी को लेकर काम करने वाली जगह पर दो-चार के साथ टांका जोड़कर शादी न करने का शोधपरक कारण खोज निकालेंगे। अडवांस किस्म के पड़ोसी तो समाचार पत्र, टी.वी., मोबाइल आदि पर खोज करके लिव इन रिलेशन तक पहुँच जाते हैं। इस बहाने वे स्वयं को अपडेटेड पड़ोसी होने का ठप्पा लगवाने में गर्व की अनुभूति करते हैं। चौथा लड़की के घर की खबर आजतक चैनल से भी तेज कल, परसों और बरसों तक बताने का काम करता है। कुल मिलाकर ये चार लोग एक जवान लड़की की शादी होने तक हाथ तो क्या पूरा बदन धोकर उसके पीछे पड़ जाते हैं। इन चार लोगों का एक तकियाकलाम होता है- छिः-छिः-छिः-छिः। लड़की पढ़ाई में टॉप, नौकरी में भी नंबर वन हो तो चार लोगों के बीच प्रशंसा की जगह उसके अडवांस हो जाने का कारण बन जाता है। इसी पर ये चार लोग कहते फिरेंगे झ्र लड़कियों को ज्यादा पढ़ाना-लिखाना नहीं चाहिए।

## फटाफट खबरें

### ट्राफिक चैराहे में सुलभ काम्पलेक्स का जल्द करें निमार्ण: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका, नगर पंचायत एवं डूडा से कराये कार्यों एवं स्वच्छ भारत नगरीय टू योजना के तहत यूज्ड वाटर मैनेजमेंट की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य तेजगति से कराया जाये। शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें।

गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सामुदायिक शौचालय व व्यक्तिगत शौचालय में धनराशि मशीनरी खरीदने को है। प्रस्ताव बनाकर अनुमोदन कराकर खरीद करायें। ईओ नगर पालिका से कहा कि चिन्हित सामुदायिक भवन का प्रस्ताव सीएनडीएस से बनवाकर शासन को भेजा जाये। इसी प्रकार नगर पंचायत मऊ का भी प्रस्ताव भेजें। ईओ राजापुर से कहा कि एसडीएम राजापुर से सम्पर्क कर जमीन चिन्हित करायें। उन्होंने ईओ नगर पालिका कर्वी से कहा कि ट्राफिक चैराहा के पास से हटाये अतिक्रमण और सुलभ काम्पलेक्स की चहारदीवारी का निर्माण तत्काल शुरू करें। रानीपुर भट्ट के तालाब का सुन्दरीकरण करायें।

उन्होंने एसडीएम कर्वी से कहा कि मौके पर जाकर तालाब के क्षेत्र की नाप करायें। कोठी तालाब के पास निमार्णाधीन पार्क में अच्छी लाइटिंग व स्वच्छता की पेंटिंग करायें। अधिशाषी अधिकारियों से कहा कि पं दीनदयाल योजना से कराये कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजकर मंजूर करायें। परियोजना निदेशक डूडा/एसडीएम न्यायिक से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आवेदन की जांच में पात्रों का डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाये। जस लाभार्थियों के खाते में प्रथम, द्वितीय, तृतीय किस्त जानी है, उनके खाते में तत्काल भेजें। बैंकों में लम्बित आवेदनों का तत्काल ऋण करायें। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, मानिकपुर ईओ रामआशीष वर्मा, मऊ/ राजापुर ईओ बीएन कुशवाहा, जिला समन्वयक डूडा संतोष पटेल आदि मौजूद रहे। -

### एसडीएम को ज्ञापन देते प्रभास महासंघ के पदाधिकारी



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग का सुन्दरीकरण कराकर वहां वाटर पार्क का निर्माण कराया जाये।
गुरुवार को प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम रामजन्म यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि ऐतिहासिक स्थल गणेश बाग खजुराहो के नाम से भी आम जनता में प्रसिद्ध है। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। गणेश बाग का सुन्दरीकरण से पर्यटकों की संख्या में पहले की अपेक्षा वृद्धि हुई है। गणेश बाग के सुन्दरीकरण के साथ एक वाटर पार्क बनाने से पर्यटकों की तादाद में वृद्धि हो जायेगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

उन्होंने मांग किया कि गणेश बाग में वाटर पार्क का निर्माण कराया जाये। ज्ञापन देने में उनके साथ राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द मिश्रा, विष्णु कुमार, आशीष पटेल व महासंघ के जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता शामिल रहे।

### गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश

**सुलतानपुर। मुख्य विकास** अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा बुधवार को वृहद गोवंश आश्रय स्थल सिरवारा, ब्लाक कूरेभार व गोवंश आश्रय स्थल ममरखा, विकास खण्ड कूरेभार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान गोवंश आश्रय स्थल सिरवारा में कुल 499 गोवंश (नर 211 एवं मादा 188) संरक्षित एवं स्वस्थ्य पाये गये। आश्रय स्थल पर कतिपय गोवंशो की ईयर टैगिंग नही हुई, जिसे तत्काल टैगिंग कराने के निर्देश दिये, पानी की चरही में गन्दगी पायी गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि चरही की नियमित रूप से साफ-सफाई करायें तथा साथ ही गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये।
तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गोवंश आश्रय स्थल ममरखा, विकास खण्ड कूरेभार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 283 गोवंश (नर 162 व 121 मादा) संरक्षित एवं स्वस्थ पाये गये। परिसर में निमार्णाधीन कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र कक्ष को गुणवत्तायुक्त पूर्ण करायें। उन्होंने गोवंशो को ठंड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था कराने के आवश्यक निर्देश दिये।

### दूध पीने के बाद गाय को निराश्रित छोड़ा

**अफजलगढ़। ग्रामीणों** ने गाँव के ही एक व्यक्ति पर गाय को निराश्रित छोड़ने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर सौंप कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव हिदायतपुर निवासी विजय पाल,तेज बहादुर,भोपाल प्रवेंद्र , सुनील कुमार ,सुरेश सिंह,देवराज सिंह,मधुसूदन ,चंद्रमोहन सतीश कुमार ,डॉक्टर रामपाल आदि ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर सोप ते हुय गाँव के ही एक व्यक्ति अशोक पुत्र हीरा सिंह व अभिषेक पुत्र अशोक व मंजू पत्नी अशोक पर आरोप लगाते कहा कि यह लोग आसपास से दूध देती गाय लाकर रख लेते हैं ।तथा जैसे ही गाय दूध देना छोड़ती है तो लावारिस कर छोड़ देते हैं। आरोप है कि ऐसी ही एक गाय लाकर उपरोक्त लोगो ने फिर से पाल रखी थी जिसे उन्होंने दूध देना बंद करने पर रस्से से घसीटते हुय मार पीटते हुय खेतो में छोड़ दिया ।जिससे वह अब सर्दी व बीमारी के चलते मरणासन्न अवस्था में चंद्रमोहन सिंह के खेत में किनारे पर पड़ी है। ग्रामीणों ने अशोक व उसके परिजनों से गाय को वापस लाने की बात कही तो व झगड़े व मारपीट पर उतारू हो गया। जिसपर परेशान ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर सोप कार्यवाही की मांग की है।इस सम्बंध में।कोतवाल मनोज कुमार का कहना है मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जॉयगी।

# भू-माफियाओं की जडें हिलाने के डीएम ने दिये संकेत

## लोनिवि परिसर की बेशकीमती भूमि को लेकर डीएम के तेवर सख्त, -बेशकीमती भूमि का भू-माफिया ने कराया पट्टा-स्कूल संचालक/भू-माफिया की डीएम ने की हवा टाइट

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित लोनिवि परिसर की बेशकीमती भूमि को लेकर भू-माफिया/स्कूल संचालक की हरकतों को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने उसकी जमकर क्लास ली। उन्होंने चेताया कि बेशकीमती भूमि की बाबत भू-माफिया/स्कूल संचालक ने कोई हरकत की तो अंजाम बहुत ही खतरनाक होंगे। उसके बिना नक्शा के बन रहे स्कूल भवन गिराने समेत गैंगेस्टर व रासुका में जेल भेजने की भी धमकी दी। डीएम ने संकेत दिये कि जिले के बडे भू-माफियाओं की जडें हिला दी जायेंगी।

गुरुवार को इस बाबत छन-छन कर मिल रही खबरों के मुताबिक जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने भू-माफिया/स्कूल संचालक को अपने कार्यालय बुलवाया। कार्यालय के बाहर उसके मोबाइल फोन आदि सब रखवाने के बाद कार्यालय के अन्दर प्रवेश की उसे अनुमति मिली। कार्यालय में भू-माफिया/स्कूल संचालक से जिलाधिकारी ने कहा कि वे अपनी हरकतें बन्द कर दें। अन्यथा की दशा में उसे गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने इस बाबत सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी बात की। उन्हें लोनिवि परिसर स्थित भूमि की बाबत पूरी जानकारी दी। कहा कि कुछ माफिया किस्म के लोग इस भूमि पर निगाहें गडाये हैं।

जिलाधिकारी को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भू-माफियाओं के खिलाफ कडी कार्यवाही को कहा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने डीएम से कहा कि जिस पवित्र मंशा से वे जिले में कार्य कर रहे हैं। उस मंशा पर किसी के पानी फेरने की दशा में वे कडी से कडी कार्यवाही अंजाम दे सकते हैं। जिलाधिकारी की चेतावनी सुनने के बाद भू-माफिया/स्कूल संचालक का मुंह उतरा हुआ था।



इस भू-माफिया ने जिले के एक नेता के घर में बैठकर कहा था कि लोनिवि परिसर की भूमि जमीदार की है। इसका निर्णय जिला प्रशासन नहीं, बल्कि न्यायालय करेगा कि किसे भूमि मिलनी चाहिए। इन सब बातों को संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने भू-माफिया/स्कूल संचालक को खासा टाइट किया। इस भूमि की बाबत गुरुवार को सवेरे लोनिवि व नगर पालिका के लोगों से खासी झडप भी हुई थी। इसके बाद लोनिवि के अधिकारियों के पास शासन स्तर से फोन आने के बाद सब कुछ सामान्य हो गया। इधर, इस भूमि का पट्टा राजापुर के नगर पंचायत चेयरमैन आदर्श द्विवेदी के पति मनोज द्विवेदी ने चैसड बल्लान अतर्रा बांदा जाकर 93 वर्षीय महंत रामचरण दास से अपने नाम पट्टा करवा लिया है। पट्टे में महंत रामचरण दास ने लिखा है कि 12 जनवरी 2023 को लोनिवि परिसर की भूमि खाली होने के बाद उन्हें पट्टे का अधिकार मिल गया है। इसलिए वे इस भूमि का पट्टा मनोज द्विवेदी के नाम कर रहे हैं। इससे ये बात सत्य साबित हो गई कि इस भूमि पर बडे भू-माफियाओं की निगाहें टिकी थीं, उन्होंने इस बेशकीमती भूमि को आखिरकार हथियाने के हथकंडे अख्तियार कर ही लिए। जिलाधिकारी ने भी भू-माफियाओं की जडें हिलाने के संकेत दे दिये हैं।

# बच्चों के साथ बच्चियों को करें शिक्षित: एसपी

## महिलाओं के प्रति खासी संवेदनशील है एसपी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बहिलपुरवा थाने में महिला चैपाल में कहा कि इस पिछडे क्षेत्र में शिक्षा का अभाव है। लोग पुलिस के पास शिकायत लेकर भी नहीं जाते। महिलाओं के बीच जाकर एसपी ने महिलाओं को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बहिलपुरवा थाने में महिला चैपाल की। अध्यक्षता करते हुए महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की बाबत जागरूक किया। खासतौर पर घर में होने वाले अपराध की बाबत महिलायें आवाज नहीं उठा पाती। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि घर में होने वाले मारपीट, उत्पीडन और अन्याय को न सहें।



समय पर पुलिस को सूचना दें, ताकि समस्या को नियंत्रित किया जा सके। छोटे-छोटे बच्चों एवं बच्चियों की सुरक्षा बाबत विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये। महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 112 से सम्पर्क कर तत्काल पुलिस बुलाने की बात कही।

उन्होंने महिलाओं से कहा कि उनके कार्यालय आकर समस्यायें बता सकती हैं। बच्चों को शिक्षित करने के प्रति जागरूक कर कहा कि खासतौर पर बच्चियों को भी शिक्षित करें। घर की महिला के जागरूक होने पर परिवार सुरक्षित रहता है। अपने मन से भय दूर कर सुरक्षा के लिए आवाज उठायें। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। मजदूरी को लेकर ठेकेदारों के शोषण के प्रति भी जागरूक किया।

उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए पायनियर्स क्लब के सहयोग से मौजूद महिलाओं को कम्बल व स्वेटर बांटे। इस मौके पर बहिलपुरवा थानाध्यक्ष गुलाबचन्द्र सोनकर, पीआरओ प्रदीप पाल, पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष केशव शिवहरे, डॉ सीताराम गुप्ता, डॉ सीएल सिंह, महेन्द्र केशरवानी आदि मौजूद रहे।

### नोडल अधिकारी द्वारा गोवंश आश्रय स्थलों का किया गया निरीक्षण

**सुलतानपुर। शासन** द्वारा नामित विशेष सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ/जनपद नोडल अधिकारी भूपेन्द्र एस0 चौधरी द्वारा जनपद के निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किए जाने एवं गोवंशों को संपूर्ण व्यवस्थाए उपलब्ध कराने तथा चल रहे निमार्णाधीन गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु आदि के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, नगर निकाय अधिशासी अधिकारी आदि के साथ विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) कृष्ण करूणाकर पाण्डेय द्वारा जनपद में गोवंशों हेतु किए जा रहे अभिनव कार्यों की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी।
उक्त बैठक में परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) द्वारा मा0 नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में कुल निर्मित एवं क्रियाशील अस्थायी गौआश्रय स्थलों की संख्या-18 (150 से अधिक गोवंश वाले), निमार्णाधीन अस्थायी गोआश्रय स्थलों की संख्या-02, जनपद में स्थापित वृहद गोसंक्षरण केन्द्रों की संख्या-06 (संचालित/क्रियाशील-03, निमार्णाधीन-03) है। उन्होंने नोडल अधिकारी को जनपद में गोवंशों हेतु बनाये गये शेडों के अभिनव प्रयोग के बारे में अवगत कराया।
उन्होंने कहा कि बोर बेल से निकलने वाली निष्प्रयोज्य जी0आई0 पाइप से गोवंशों के रहने हेतु शेडों का निर्माण कराया गया है। ऐसा किसी अन्य जिले में नहीं किया गया है। इससे कम लागत में अच्छा शेड निर्माण कराया जा सकता है। नोडल अधिकारी द्वारा इस कार्य की सराहना की गयी। उन्होंने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु समस्त गोआश्रय स्थलों में तिरपाल, जूट के बोरे तथा अलाव की व्यवस्था करायी गयी है। गोवंशों को खाने हेतु भूषा, हराचार, दाना, संकेन्द्रित आहार की पर्याप्त व्यवस्था है।
नोडल अधिकारी द्वारा गोवंशों पर होने वाले व्यय, नवीन सुझाव, देखरेख, कुल निराश्रित गोवंशों की संख्या, स्वास्थ्य, टीकाकरण आदि के बारे में पशुचिकित्सा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की गयी। मा0 नोडल अधिकारी द्वारा गोवंशों के बेहतर जीवन यापन हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने सुझाव लिखित रूप में पीडीडीआरडीए को उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों की सही गणना हेतु जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया जाय तथा उस कमेटी के माध्यम से इच्छुक गोपालको को गोवंश उपलब्ध कराये जाय। साथ ही साथ उसका रजिस्ट्रेशन भी कराया जाय। पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा मा0 नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये सीमेन को यदि निःशुल्क कर दिया जाय, तो समस्त गोपालक वरियता देंगे, जिससे फीमेल गोवंश को बढ़ावा मिलेगा, जिससे निराश्रित गोवंशों की संख्या कम हो सकेगी।
नोडल अधिकारी ने कहा कि निमार्णाधीन गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाय। सहभागिता योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को गोवंश दिए जाए। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव हेतु समस्त गौशालाओं में काऊ कोट एवं अलाव की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करायें।

# 'कार्यकर्ता प्रत्याशी बनकर जितायें एमएलसी चुनाव'

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रयागराज-झांसी शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश मंत्री शंकरगिरि ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता बाबूलाल तिवारी बनकर चुनाव लडें।

गुरुवार को सांसद आरके सिंह पटेल व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की मौजूदगी में जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक में प्रदेश मंत्री शंकरगिरि ने कहा कि शिक्षकों से संवाद करके भाजपा प्रत्याशी को प्रथम वरीयता



से मत दिलाकर विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्र प्रभारी व शिक्षक सम्पर्क प्रभारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन जिम्मेदारी से करें। शिक्षक भाजपा के प्रत्याशी को विजयी बनाने को तैयार है, बस एक बार आग्रह करना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि सभी लोगों को शिक्षकों से बडे पैमाने पर सम्पर्क कर भाजपा को जिताना है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास के लिए संकल्पित है। शिक्षक साथी भाजपा प्रत्याशी को प्रथम वरीयता से मत दें। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, महामंत्री आलोक पाण्डेय, चुनाव संयोजक जगदीश गौतम, आनन्द उर्फ बब्बू त्रिपाठी, दिनेश मिश्र, बृजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, विपुल सिंह, डॉ रणवीर सिंह चैहान, अश्वनी अवस्थी, भागवत त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक ओझा, संजय पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविन्द मिश्रा, गंगाधर मिश्र, मनोज पाण्डेय, ओमप्रकाश बाला, मोहनदास मिश्र आदि मौजूद रहे।

# सीतापुर को बरवारा ने तीन विकेट से हराया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी स्पोर्ट ग्राउंड खेले जा रहे मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप के लीग मैच मे क्षेत्र एकादश बरवारा ने आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीतापुर की टीम को तीन विकेट से हराया। मैच की शुरूवात मुख्य अतिथि इमाम हसन ने खिलाड़ियो से परिचय लेकर कराया। गोरेलाल गौतम, मोहनलाल प्रधान, अरविंद जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप मौजूद रहे। गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद स्पोर्टिंग क्लब सीतापुर टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 81 रन बनाये। क्षेत्र एकादश बरवारा के जानकी शरण पांडेय ने पांच विकेट व ओलंगा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्षेत्र एकादश बरवारा की टीम ने तीन विकेट शेष रहते तालिब के 20 रन और विजय



के 16 रन की पारी के बदौलत आसानी से मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पांच विकेट और एक रन बनाने वाले क्षेत्र एकादश बरवारा के खिलाड़ी जानकी शरण पांडेय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राम आसरे दरोगा ने दिया। मैच में अंपायर अनीश वाजपेयी, राकेश दहिया, कॉमेंटेटर राजवीर, इब्रान खान, स्कोरर तीरथ प्रसाद और रमेश मिश्रा रहे। सहयोगी के रूप में अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु, ललित, अंकुर समेत भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। मीडिया मैनेजर पवन मिश्रा ने बताया कि कल शाम हुए दिन के दूसरे मुकाबले जो कालूपुर और मछली मंडी कर्वी के बीच खेला गया था। मछली मंडी कर्वी ने कालूपुर को हराकर जीत हासिल की थी।

# दस फरवरी तक हर हाल में टर्मिनल बिल्डिंग तक बने रास्ता: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने देवांगना हवाई पट्टी का औचक निरीक्षण कर एप्रोच रोड देखी। एयरपोर्ट एथारटी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दस फरवरी तक प्रत्येक दशा में टर्मिनल बिल्डिंग तक जीएसबी डलवाकर सडक मार्ग में आने-जाने का निर्माण कराया जाये।

गुरुवार को जिलाधिकारी को एयरपोर्ट एथारटी व राइट्स संस्था के अधिकारियों ने बताया कि पांच सौ मीटर चहारदीवारी का कार्य पूरा हो गया है। शेष पर तेजी से कार्य हो रहा है। एप्रोच रोड में भी तेजी से कार्य हो रहा है, समय सीमा के अन्दर पूरा कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने



एक्सईएन विद्युत से कहा कि एयरपोर्ट पर लो-वोल्टेज की समस्या तत्काल दुरुस्त करायें।

उन्होंने लोनिवि एक्सईएन सत्येन्द्रनाथ को निर्देश दिये कि एप्रोच रोड के निर्माण के किनारे के लिए तार फेंसिंग व स्ट्रीट लाइटिंग का प्रस्ताव एडीएम वित्त को उपलब्ध करायें, ताकि प्रस्ताव नागरिक उड्डयन को मंजूरी को भेजा जा सके। निरीक्षण में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, एक्सईएन लोनिवि सत्येन्द्रनाथ, विद्युत एक्सईएन आरएस वर्मा आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सामूहिक रुप से दिलाई गई शपथ

**बिजनौर। जिलाधिकारी** उमेश मिश्रा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सामूहिक रुप से दिलाई गई मिशन शक्ति-2023 की अधिकारियों को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई गई। उन्होंने शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि "मैं शपथ लेता हूँ और सत्यनिष्ठा पूर्वक प्रतिज्ञा करता हूॅ कि मैं लिंग चयन या कन्या भ्रूण हत्या में किसी भी रूप में भागीदार नहीं बनूगां। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि मैं अपने साथियों एवं रिश्तेदारों को भी भ्रूण हत्या जैसे पाप नहीं करने दूगां। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं भ्रूणहत्या के खिलाफ यथाशक्ति जनसामान्य को जागरूक भी करूगां। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं बेटियों को पढ़ाऊगां और नारी सशक्तिकरण में भागीदार बनूगां"। शपथ ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी द्वारा सदाकत से बाहर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बोर्ड पर अपने हस्ताक्षर भी किए गए।

# विदेश संदेश

## न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अगले माह देंगी इस्तीफा, अगला चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने कहा कि वह अपना पद छोड़ने जा रही हैं और अक्टूबर में देश में आम चुनाव होंगे। नम आंखों के साथ अर्डर्न ने नेपियर में पत्रकारों से कहा कि सात फरवरी बतौर प्रधानमंत्री उनका आखिरी दिन होगा। उन्होंने कहा, '' मेरे कार्यकाल का छठा वर्ष शुरू होने जा रहा है और बीते हर साल मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है।'' उन्होंने घोषणा की कि न्यूजीलैंड का अगला आम चुनाव 14 अक्टूबर को होगा और वह तब तक सांसद के रूप में काम करती रहेंगी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चुनाव तक प्रधानमंत्री पद कौन संभालेगा। उप प्रधानमंत्री ग्रांट रॉबर्टसन ने घोषणा की है कि वह लेबर पार्टी के नेतृत्व के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे।अर्डर्न ने अपने पद को कई विशेषाधिकारों से भरा लेकिन चुनौतीपूर्ण



बताया। उन्होंने कहा कि इस भूमिका को निभाने के लिए हमेशा अप्रत्याशित चीजों के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, '' मैं यह पद इसलिए नहीं छोड़ रही क्योंकि यह चुनौतियों से भरा है। अगर ऐसा होता तो प्रधानमंत्री बनने के दो महीने बाद ही मैंने पद छोड़ दिया होता। मैं यह पद इसलिए छोड़ रही हूं क्योंकि इससे मिलने वाले विशेषाधिकारों के साथ कई जिम्मेदारियां भी आती हैं जिम्मेदारी यह जानने की कि आप नेतृत्व करने के लिए कब सही व्यक्ति हैं और कब नहीं। मुझे पता है कि इस पद के लिए क्या चाहिए और मुझे पता है कि अब मेरे पास जज़्बा नहीं है। यही असल बात है।''अर्डर्न की उदारवादी लेबर पार्टी ने दो साल पहले चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी लेकिन हाल के चुनाव ने उनकी पार्टी को उनके रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वियों ने पछाड़ दिया था। अर्डर्न ने जिस तरह से वैश्विक महामारी से निपटने के लिए कदम उठाए उसके लिए विश्वभर में उनकी सराहना की गई। हालांकि पाबंदियां काफी कड़ी होने की वजह से कई बार उन्हें देश के भीतर आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा।

अर्डर्न ने दिसंबर में घोषणा की थी कि एक 'रॉयल कमीशन ऑफ इंक्वायरी' इस बात पर गौर करेगी कि क्या सरकार ने कोविड-19 से निपटने के लिए सही निर्णय लिए और भविष्य की महामारियों से निपटने के लिए बेहतर ढंग से कैसे तैयार रहा जा सकता है। इसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। मार्च 2019 में न्यूजीलैंड में एक श्वेत बंदूकधारी ने क्राइस्टचर्च में दो मस्जिदों पर हमला किया था और इस हमले में 51 लोग मारे गए थे,यह बड़ी घटना थी, लेकिन इसके बाद अर्डर्न ने जिस तरह से प्रभावितों और न्यूजीलैंड के मुस्लिम समुदाय का साथ दिया उसके लिए उनकी व्यापक रूप से सराहना की गई थी।

## प्लेन क्रैश में जान गंवाने वालों के परिवारों से मिले पीएम प्रचंड, जल्द शव सौंपे जाने का दिया भरोसा

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने गुरुवार को येति एयरलाइन के विमान क्रैश में मारे गए यात्रियों के परिवारों से मुलाकात की। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए भरोसा दिया कि उन्हें जल्द ही हादसे में मारे



गए लोगों के शव सौंपे जाएंगे। उन्होंने इसके लिए प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के आदेश भी दिए। गौरतलब है कि 15 जनवरी को नेपाल के पोखरा में येति एयरलाइन का विमान क्रैश हो गया था। इस घटना में विमान में सवार सभी 72 यात्रियों की मौत हुई है। हालांकि, जांचकर्ताओं को बुधवार तक 71 शव ही मिले थे और एक लापता की खोज जारी थी।

## प्रेमी ने नशे में बिस्तर पर कर दिया पेशाब, गुस्साई महिला ने दी भयानक सजा

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक युवक ने शराब के नशे में बिस्तर पर पेशाब कर दिया। इस बात से उसकी गर्लफ्रेंड इतना नाराज हो गई कि उसने युवक को चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। खबर के अनुसार, घायल युवक ने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड ब्रियाना लैकोस्ट (25 वर्ष) के साथ बीते डेढ़ साल से रह रहा है। युवक ने बताया कि शनिवार को वह और उसकी महिला मित्र देर रात करीब साढ़े तीन बजे शराब के नशे में घर लौटे। पीड़िता ने बताया कि जब वह सो रहा था तो अचानक उसकी महिला मित्र उठी और उसे पीटना शुरू कर दिया। दरअसल शराब के नशे में युवक ने बिस्तर पर ही पेशाब कर दिया था। युवक ने बताया कि उसने वहां से जाने की कोशिश की लेकिन उसकी गर्लफ्रेंड ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में पीड़ित शख्स को शरीर में बाईं तरफ चाकू लगा है, जिससे युवक के फेफड़े में भी घाव हो गया है। हालांकि आरोपी महिला का कहना है कि झगड़े के दौरान युवक ने उस पर हमला किया था और उसका गला दबाने की कोशिश की थी। इसी के चलते अपने बचाव में युवक पर चाकू से हमला किया। गौरतलब है कि आरोपी महिला ने खुद युवक को प्राथमिक उपचार दिया और इसके बाद अस्पताल भी लेकर आई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

## ट्विटर पर वापस आने के बाद नहीं किया ट्वीट, पर फेसबुक पर वापस आना चाहते हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर वापस आना चाहते हैं। बता दें कि फेसबुक ने डोनाल्ड ट्रंप को हिंसा भड़काने के आरोप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से प्रतिबंधित कर दिया था। अब दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ सकते हैं और इसलिए उन्होंने अभी से ही चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। ऐसे में फेसबुक पर लौटना उनके लिए मददगार साबित हो सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि हमारी मेटा के साथ बातचीत हो रही है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं। अगर वो हमें वापस लेते हैं तो इससे उन्हें काफी फायदा होगा। हमारे लिए भी यह ठीक रहेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जितनी हमें उनकी जरूरत है, उससे ज्यादा उन्हें हमारी जरूरत है। गौरतलब है कि मेटा इसी महीने डोनाल्ड ट्रंप को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वापस लेने के संबंध में फैसला ले सकता है।अमेरिका की संसद पर 6 जनवरी 2021 को हुए हमले के बाद फेसबुक ने डोनाल्ड ट्रंप को बैन कर दिया था। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में दावा किया था कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली हुई। इसके बाद ही फेसबुक ने हिंसा भड़काने के आरोप में डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को बैन कर दिया था।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा भारत व मालदीव पर क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी

**माले।** मालदीव और श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और मालदीव अच्छे पड़ोसी व मजबूत साझेदार हैं और दोनों देशों पर क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी है। विदेश मंत्री ने एस. जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का आकलन किया।

मालदीव और श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा के पहले पड़ाव पर यहां पहुंचे जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ ''फलदायी चर्चा'' के बाद यह बात कही।जयशंकर भारत के दो प्रमुख समुद्री पड़ोसियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के लिए इन देशों की यात्रा पर हैं।

शाहिद के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम अच्छे पड़ोसी हैं। हम मजबूत भागीदार हैं। हमने विकास और प्रगति के लिए पारस्परिक रूप से निवेश किया है। हालांकि, साथ ही हम पर क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा की साझा जिम्मेदारी भी है। जयशंकर



ने कहा कि हमारा इरादा है कि छोटे पदेशों की चिंताओं को जी20 में हमारे माध्यम से आवाज मिले। मैं यह रेखांकित करना चाहता हूं कि हम बहुपक्षीय सहयोग को गहराई से महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच की सुरक्षा साझेदारी भी लगातार मजबूत हो रही है। जयशंकर ने कहा कि एक बार फिर यहां, भारत अपने और इस व्यापक क्षेत्र के लिए मालदीव की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने का सदैव इच्छुक है।

इससे पहले मालदीव पहुंचने पर यहां हवाई अड्डे पर जयशंकर का मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। जयशंकर ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए यहां विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) के लिए 10 करोड़ मालदीव रूफिया की अतिरिक्त अनुदान सहायता को लेकर भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अनुदान सहायता के जरिये देश भर में कई सामाजिक-आर्थिक विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा।

अन्य समझौतों में मालदीव राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और कोच्चि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीच अकादमिक सहयोग शामिल है। मालदीव के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें व्यक्तिगत बधाई दी। हमारे द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का आकलन किया गया, जिससे परिवर्तनकारी परियोजनाएं सामने आईं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा विस्तार परियोजना के शिलान्यास में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

## यूक्रेन की राजधानी कीव में स्कूल पर गिरा हेलीकॉप्टर, तीन मंत्रियों समेत 18 लोगों की मौत

- गृह मंत्रालय ने इस हादसे में साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया
- यूक्रेन के गृह मंत्री ने भी गंवाई जान, दो दर्जन से अधिक लोग हुए घायल

**कीव।** रूस से युद्ध झेल रहे यूक्रेन पर मुसीबतों का एक और पहाड़ टूटा है। यूक्रेन की राजधानी कीव में एक हेलीकॉप्टर क्रैश होकर छोटे बच्चों के एक स्कूल पर गिर पड़ा। इस हादसे में यूक्रेन के तीन मंत्रियों समेत 18 लोगों की मौत हो गयी। दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं का एक हेलीकॉप्टर कीव के बाहरी इलाके ब्रोवेरी में एक भवन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होकर बच्चों



के एक स्कूल पर गिर गया। इससे स्कूल भवन में आग लग गयी और तेज लपटें उठने लगीं। घटना की सूचना पाकर पुलिस और आपात सेवाओं से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे। घटनाक्रम का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें हादसे के बाद बच्चों का स्कूल आग की लपटों से घिरा नजर आ रहा है। हेलिकॉप्टर पर कुल नौ लोग सवार थे। यूक्रेन की पुलिस के प्रमुख इहोर क्लेमेंको ने बताया कि इस हादसे में यूक्रेन की सरकार से जुड़े तीन मंत्रियों की मौत हुई है। इनमें यूक्रेन के गृहमंत्री डेनिस मोनास्टिर्स्की, उनके पहले उपमंत्री येवेन येनिन और राज्यमंत्री यूरी लुबकोविच शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ऑफिस के डिप्टी चीफ किरिलो टिमोशेंको ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सरकार दुर्घटना का शिकार हुए लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। हादसे में मरने वालों में अधिकांश बच्चे हैं। इनके अलावा दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती घायलों में से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई गयी है। यूक्रेन के गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इस हादसे में साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हेलीकॉप्टर आवासीय क्षेत्र में गिरा, इसलिए आसपास के इलाकों में भगदड़ सी मच गयी। तमाम कारों के शीशे टूट गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

## अर्मेनिया की सैन्य बैरक में भीषण आग, 15 सैनिकों की मौत, कई गंभीर रूप से घायल

**येरेवान।** अर्मेनिया की एक सैन्य बैरक में भीषण आग लग गयी। इस कारण 15 सैनिकों की मौत हो गयी और कई घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक अर्मेनिया के पूर्वी गेघारकुनिक क्षेत्र के अजात गांव में स्थित सेना की बैरक में आधी रात के बाद डेढ़ बजे के आसपास अचानक आग लग गयी। जिस समय आग लगी, सैनिक बैरकों में सो रहे थे। अचानक आग लगने से वहां चीख-पुकार मच गयी। आग इतनी तेज थी कि कोई संभल नहीं सका। मौके पर ही अर्मेनिया सेना के 15 सैनिकों की मौत हो गयी। कई सैनिक गंभीर अवस्था में जख्मी हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती



सैनिकों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ने का खतरा भी बताया गया है।

अर्मेनिया के रक्षा मंत्री की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक सेना की इंजीनियरिंग व स्नाइपर कोर की बैरक में आग लगी है। इससे 15 सैनिकों की मौत हो गई और तीन सैनिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि बैरक में आग क्यों और किस वजह से लगी, इसका पता लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने का कारणों का पता नहीं चल सका है, इसकी जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम भेजी गयी है।

## सऊदी अरब ने भी पाकिस्तान के साथ किया बड़ा खेल, बिना शर्त नहीं देगा आर्थिक सहायता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खस्ता हलाता से तो तो पूरी दुनिया वाकिफ है। आटे से लेकर अन्य संसाधनों का मोहताज पाकिस्तान भीख का कटोरा लेकर कभी वर्ल्ड बैंक तो कभी अरब देशों के पास खैरात की उम्मीद लिए मारा-मारा फिर रहा है। लेकिन सऊदी अरब ने अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाद शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर को तगड़ा झटका दे दिया है। सऊदी इकोनॉमिक फोरम में मोहम्मद अल-जादान ने कहा कि किंगडम,



दुनिया का शीर्ष तेल निर्यातक और एक अरब बिजलीघर, आर्थिक सुधारों को लागू करने के लिए क्षेत्र के देशों को प्रोत्साहित कर रहा हैं। मंत्री ने कहा कि हम बिना किसी शर्त के सीधे अनुदान और जमा देते थे और हम इसे बदल रहे हैं। हम वास्तव में बहुपक्षीय संस्थानों के साथ काम कर रहे हैं कि हमें सुधार देखने की जरूरत है।

**अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की योजना पर काम कर रहा सऊदी अरब**

सऊदी अरब के वित्त मंत्री ने कहा कि हम अपने लोगों पर कर लगा रहे हैं, हम उम्मीद कर रहे हैं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। हम मदद करना चाहते हैं लेकिन हम चाहते हैं कि आप भी अपनी भूमिका निभाएं। सऊदी अरब और अन्य खाड़ी अरब राज्य जैसे संयुक्त अरब अमीरात और कतर प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता देने के बजाय तेजी से निवेश की ओर बढ़ रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में सऊदी राज्य मीडिया ने बताया कि राज्य अगस्त में घोषित 1 अरब डॉलर से नकद-संकटग्रस्त पाकिस्तान में अपने निवेश को 10 अरब डॉलर तक बढ़ा सकता है, साथ ही साथ पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में जमा राशि को 5 अरब डॉलर तक बढ़ा सकता है।

जून में सऊदी अरब ने मिस्र के साथ 7.7 बिलियन के सौदों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1.5 बिलियन डॉलर का बिजली संयंत्र बनाना शामिल था, और कहा कि यह 30 बिलियन डॉलर के निवेश का नेतृत्व करने का इरादा रखता है, जिससे एक लंबे समय से चलने वाले सहयोगी को कमजोर मुद्रा और विदेशी मुद्रा की कमी का सामना करना पड़ रहा है। साम्राज्य ने मिस्र, जॉर्डन, बहरीन, सूडान, इराक और ओमान में कंपनियों की स्थापना की ताकि वहां निवेश में 24 अरब डॉलर तक की मांग की जा सके। जादान ने कहा कि रियाद ने शुरुआत में ही वैश्विक मुद्रास्फीति को आते देखा था और उसके अनुसार कार्य किया, जिससे राज्य में मुद्रास्फीति को लगभग 2.6त्न के औसत पर रखने में मदद मिली।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000


Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पुतिन का दावा, युद्ध में रूस की होगी जीत

**मास्को।** यूक्रेन के साथ जारी युद्ध को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने एक बार फिर जीत का दावा करते हुए कहा कि युद्ध में रूस की जीत सुनिश्चित रूप से होगी।

पुतिन ने कहा कि रूस इस जंग को हर हाल में जीतेगा। वह डोनबास में जारी युद्ध को समाप्त करने की कोशिशों में लगे हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि डोनबास में रूसी समर्थित अलगाववादी 2014 से ही यूक्रेनी सेना से जूझ रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने सेंट पीटर्सबर्ग में हथियार कारखाने के दौरे के दौरान कर्मचारियों से टीवी पर की गई टिप्पणियों में श्रमिकों और



पत्रकारों से कहा कि हमारी जीत निश्चित है, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि कीव के खिलाफ ऑपरेशन में मॉस्को हर हाल में जीतेगा, इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेना भले ही स्ट्रेटजिक तरीके से कुछ जगहों से पीछे हटी है, लेकिन वो हार नहीं बल्कि हमारी योजना का हिस्सा है।

हम अपने ऑपरेशन को बढ़ाने वाले हैं, और जल्द ही ऑपरेशन को पूरी तरह से अंजाम दे देंगे। पुतिन ने यह भी दावा किया कि मास्को के आक्रमण का उद्देश्य पूर्वी यूक्रेन में कई वर्षों से चल रहे युद्ध को रोकना था। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि रूस ने लंबे समय से यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र डोनबास में संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत करने की मांग की है।

पुतिन ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से डोनबास में भारी हथियारों, तोपों, टैंकों और विमानों से जुड़े बड़े पैमाने पर युद्धक अभियान बंद नहीं हुए हैं। विशेष सैन्य अभियान के तहत आज हम जो कुछ भी कर रहे हैं, वह इस युद्ध को रोकने का एक प्रयास है। हमारे ऑपरेशन का यही अर्थ है- उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की रक्षा करना।

## बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर आतंकी हमले में 4 जवानों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ईरान से लगी सीमा पर आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के एक काफिले पर हमला किया, जिससे चार जवानों की मौत हो गई। पाकिस्तान सेना की जनसंपर्क इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक, बलूचिस्तान के पंजगुर जिले में पाकिस्तान-ईरान सीमा पर एक आतंकवादी गतिविधि के दौरान सुरक्षाकर्मी मारे गए। जानकारी के मुताबिक, आतंकवादियों ने सीमा के पास चुकाब सेक्टर में उस समय गोलीबारी की, जब जवान गश्त कर रहे थे। आईएसपीआर ने कहा कि आतंकवादियों ने सीमा पर गश्त कर रहे सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाने के लिए ईरानी धरती का इस्तेमाल किया। ज्ञात रहे कि बलूचिस्तान प्रांत में लगातार आतंकी गतिविधियों और सैन्य कर्मियों की कार्रवाई के चलते वहां के हालात तनावपूर्ण होने के साथ ही आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## यूएन महासचिव ने कहा- दुनिया की परेशानी व चुनौतियों को बढ़ाने वाला है यूक्रेन युद्ध

**दावोस।** यूक्रेन-रूस के बीच जारी युद्ध दुनिया के लिए परेशानी और चुनौतियों को बढ़ाने वाला है। विश्व लाचारी का शिकार होने के साथ पर्यावरण में बदलाव की समस्या को विकराल कर दिया है। यह श्रृंखलाबद्ध परेशानी और चुनौतियां एक दूसरे से जुड़ती जा रही हैं। यह बात विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में भावुक अपील के साथ संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कही। गुटेरस ने विश्व के नेताओं और उद्योग जगत की हस्तियों के बीच यह बात कही है। बैठक में यूक्रेन में हुई हेलीकाप्टर दुर्घटना के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। इस दौरान मौजूद यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्की ने आंखों में आंसू भरकर कहा कि दुख का एक और दिन। हम इस नकारात्मक स्थिति को सकारात्मक स्थिति में बदलेंगे। गुटेरस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अविश्वास की भावना चरम सीमा पर पहुंच रही है। गैर बराबरी की खाई चौड़ी हो रही है। जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं महंगी हो रही हैं। ऊर्जा की कमी होती जा रही है। कोविड महामारी के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं और आपूर्ति व्यवस्था गड़बड़ा रही है।